वर्ष : 18 अंक: 32 | आगरा | रविवार 06 अप्रैल 2025 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रु.



उत्तरप्रदेश ,मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़,नई दिल्ली व राजस्थान से एक साथ प्रकाशित

# सांध्य पहल

उत्तरप्रदेश में सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला हिन्दी दैनिक

आज का तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

## संक्षिप्त समाचार

### आरबीआई जारी करने जा रहा 10 और 500 रुपये के नए नोट, इस बार इन बदलाव के साथ नोट होंगे खास

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) जल्द महात्मा गांधी नई सीरीज के तहत 10 और 500 रुपये के नोट जारी करने वाला है। इस पर नए गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि इन नोटों का डिजाइन सभी तरह से महात्मा गांधी (नई) सीरीज के 10 और 500 रुपये के मौजूदा बैंक नोटों के समान है। नए नोट जारी होने के बावजूद रिजर्व बैंक द्वारा पहले जारी किए गए 10 रुपये और 500 रुपये मूल्य वर्ग के सभी बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। आरबीआई ने पिछले महीने गवर्नर मल्होत्रा के हस्ताक्षर वाले 100 और 200 रुपये के बैंक नोट जारी करने की घोषणा की थी। संजय मल्होत्रा ने दिसंबर, 2024 में आरबीआई गवर्नर का पद संभाला था।

### इसरो को एक और बड़ी कामयाबी, पीओईएम-4 मॉड्यूल सफलतापूर्वक पृथ्वी के वायुमंडल में लौटा

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। पीएसएलवी ऑर्बिटल प्लेटफॉर्म एक्सपेरिमेंट मॉड्यूल (पीओईएम-4) का चौथा संस्करण सफलतापूर्वक पृथ्वी के वायुमंडल में पुनः प्रवेश कर गया। यह मॉड्यूल 4 अप्रैल 2025 को भारतीय समयानुसार सुबह 8ः03 बजे हिंद महासागर में टकराया। इसरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व ट्विटर) पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि पीओईएम-4 को पृथ्वी की ओर लाने का मुख्य उद्देश्य अंतरिक्ष में बढ़ते मलबे को कम करना था। यह कदम अंतरिक्ष पर्यावरण की सुरक्षा के लिहाज से एक महत्वपूर्ण पहल है।

### लुधियाना पश्चिम उपचुनाव 2025 : कांग्रेस ने भारत भूषण आशु को उतारा, आप के संजीव अरोड़ा से सीधी टक्कर

**लुधियाना ,एजेंसी।** लुधियाना पश्चिम विधानसभा सीट के लिए होने वाले उपचुनाव में कांग्रेस ने पूर्व कैबिनेट मंत्री भारत भूषण आशु को उम्मीदवार घोषित किया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने शुक्रवार रात उनकी उम्मीदवारी की औपचारिक घोषणा की। यह सीट आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक गुरप्रीत गोगी के निधन के बाद खाली हुई थी। हालांकि अभी चुनाव आयोग ने उपचुनाव की तारीख की घोषणा नहीं की है, लेकिन यह सीट राजनीतिक तौर पर हॉटस्पॉट बन चुकी है। सत्ताधारी आम आदमी पार्टी ने इस सीट से राज्यसभा सदस्य संजीव अरोड़ा को मैदान में उतारा है। पार्टी नेतृत्व इस सीट पर जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत झोंक रहा है। वहीं, शिरोमणि अकाली दल ने भी चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है, और भाजपा में भी प्रत्याशी चयन को लेकर गतिविधियां तेज हैं। भाजपा के ऑब्जर्वर दावेदारों से बातचीत कर रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, भारत भूषण आशु का इस सीट से पुराना राजनीतिक जुड़ाव है और उन्हें आप प्रत्याशी के लिए कड़ी चुनौती माना जा रहा है।

## 21 तोपों की सलामी, गार्ड आफ ऑनर..

# श्रीलंका में पीएम मोदी का हुआ ग्रैंड वेलकम, गूंजे मोदी-मोदी के नारे

**कोलंबो, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी थाईलैंड के दौरे के बाद तीन दिनों के श्रीलंका के दौरे पर पहुंच चुके हैं। श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में पीएम मोदी का ग्रैंड तरीके से स्वागत किया गया। शनिवार सुबह पीएम मोदी का श्रीलंका में औपचारिक स्वागत किया गया और उनके सम्मान में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके पहले शुक्रवार शाम को जब पीएम मोदी श्रीलंका पहुंचे तो श्रीलंका सरकार के पांच मंत्री अगवानी के लिए पहुंचे थे। एयरपोर्ट पर भारी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग भी मौजूद थे और वो लोग लगातार मोदी-मोदी के नारे लगा रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शुक्रवार को कोलंबो के इंडिपेंडेंस स्क्वायर में शानदार स्वागत किया गया था। उन्होंने श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिस्सनायके से मुलाकात भी की। यह तीन दिवसीय यात्रा क्षेत्रीय संबंधों को मजबूत करने और विकास सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से की गई है। प्रधानमंत्री मोदी का श्रीलंका पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। होटल में भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ हाथ मिलाते हुए उन्हें एक कठपुतली नृत्य कार्यक्रम का प्रदर्शन भी देखने को मिला। यह स्वागत दोनों देशों के बीच मजबूत सांस्कृतिक और जनसंपर्क संबंधों को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी की कोलंबो यात्रा थाईलैंड यात्रा के बाद हुई, जहां उन्होंने थाई प्रधानमंत्री पैटोंगटर्न शिनावात्रा से द्विपक्षीय बैठक की और BIMSTECसम्मेलन में भाग लिया था।



### पीएम मोदी को मिला मित्र विभूषण अवॉर्ड



श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मित्र विभूषण अवॉर्ड दिया। मित्र भूषण अवॉर्ड श्रीलंका का गैर-नागरिकों के लिए सर्वोच्च सम्मान है। मोदी ने कहा कि यह सम्मान केवल मेरा सम्मान नहीं, बल्कि यह 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। यह भारत और श्रीलंका के लोगों के बीच ऐतिहासिक संबंधों और गहरी मित्रता का सम्मान है। पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति दिसानायके ने अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए भारत को चुना था और उनके पहला विदेशी मेहमान बनने का सौभाग्य मुझे मिला। यह हमारे विदेशी संबंधों की गहराई का प्रतीक है।

### देश के समुद्री इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए सरकार लगातार कर रही काम : पीएम मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि सरकार देश के समुद्री क्षेत्र और बंदरगाहों को मजबूत करना जारी रखेगी, जो भारत की प्रगति और समृद्धि को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राष्ट्रीय समुद्री दिवस के अवसर पर अपने संदेश में पीएम मोदी ने कहा, हम भारत के समृद्ध समुद्री इतिहास और राष्ट्र निर्माण में इस क्षेत्र द्वारा निभाई गई भूमिका को याद करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत पहले के समय में एक मान्यता प्राप्त समुद्री शक्ति था, लेकिन स्वतंत्रता के बाद के दौर में समुद्री क्षेत्र की अनदेखी की गई। हालांकि, पिछले 10 वर्षों के दौरान न्यू इंडिया ने समुद्री क्षेत्र में कई नई उपलब्धियां हासिल की हैं और सरकार देश के समुद्री इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है। पीएम मोदी ने बताया कि पिछले 10 वर्षों में देश के प्रमुख बंदरगाहों की कार्गो हैंडलिंग क्षमता दोगुनी हो गई है और बंदरगाहों तक कनेक्टिविटी में सुधार के लिए हजारों किलोमीटर नई सड़कों का निर्माण किया गया है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि सरकार के समृद्धि के लिए बंदरगाह और प्रगति के लिए बंदरगाह के मंत्र के साथ समुद्री क्षेत्र में बड़े बदलाव लाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा उत्पादकता के लिए बंदरगाह के नए मंत्र को समुद्री इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए भी आगे बढ़ाया गया है। पीएम मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि सरकार कोस्टल शिपिंग को विकसित करने के लिए कई नए कदम उठा रही है। यह बयान गुरुवार को लोकसभा द्वारा अनुमोदित कोस्टल शिपिंग बिल की पृष्ठभूमि में दिया गया इस विधेयक का उद्देश्य भारतीय तटीय जल (कोस्टल वॉटर) के भीतर व्यापार में लगे जहाजों को रेगुलेट करना है। इस विधेयक का उद्देश्य कोस्टल शिपिंग के रेगुलेशन से संबंधित कानून को कंसोलिडेट और संशोधित करना, तटीय व्यापार (कोस्टल ट्रेड) को बढ़ावा देना और घरेलू भागीदारी को प्रोत्साहित करना है।

## वक्फ संशोधन बिल मुस्लिमों के हित में, विपक्ष द्वारा गुमराह करने की कोशिश की जा रही : शाहनवाज हुसैन



**समस्तीपुर ,एजेंसी।** लोकसभा और राज्यसभा में वक्फ संशोधन विधेयक के पास हो जाने के बाद भी इसे लेकर बयानबाजियों का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस बीच, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने समस्तीपुर में कहा कि लोकसभा और राज्यसभा में पेश हुआ वक्फ संशोधन विधेयक मुसलमानों के हित में है। इस बिल से गरीब मुसलमानों को लाभ मिलेगा और वे नए सिरे से अपना विकास कर सकेंगे। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि इस बिल के दोनों सदनों में पास होने के बाद उन्हें सोशल मीडिया पर लगातार धमकियां दी जा रही हैं, गालियां दी जा रही हैं, लेकिन ऐसी धमकियों से वे डरने वाले नहीं हैं। ऐसे लोगों की वह पहचान करा रहे हैं।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इस बिल से एनडीए के वोट में बढ़ोतरी होगी। जदयू से मुसलमानों के पार्टी छोड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि कोई ऐसा बड़ा चेहरा पार्टी छोड़कर नहीं जा रहा है, इससे कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है, यह बिल मुसलमानों के हित का है।

### दिल्ली में आयुष्मान भारत योजना शुरू, 10 लाख रुपये का मिलेगा स्वास्थ्य बीमा कवरेज

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** दिल्ली में आयुष्मान भारत योजना का शनिवार को शुभारंभ हो गया। इससे यहां के लोगों के लिए स्वास्थ्य बीमा कवरेज को एक नया आयाम मिलेगा। दिल्ली सरकार और नेशनल हेल्थ अथॉरिटी के बीच इस संबंध में एक एमओयू साइन किया गया। इस एमओयू के तहत दिल्ली के लोगों के लिए स्वास्थ्य बीमा कवरेज बढ़ाकर 10 लाख रुपये हो जाएगा। इस नई योजना के अनुसार, 10 लाख रुपये का बीमा कवरेज मिलेगा, जिसमें से सात लाख रुपये का खर्च दिल्ली सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। यह योजना दिल्लीवासियों को बेहतर और सस्ते इलाज की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से लागू की गई है।



### अगले चुनावों में 'एक राष्ट्र एक चुनाव' लागू होने के दावों का खंडन, निर्मला सीतारमण ने बताया झूठ

**चेन्नई,ए.।** केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' अवधारणा को लेकर किए जा रहे झूठे प्रचार को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि आगामी चुनावों में इसे लागू नहीं किया जाएगा। चेन्नई में एक कार्यक्रम में बोलते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा- 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान करीब एक लाख करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं और एक साथ चुनाव कराकर इतने बड़े खर्च को बचाया जा सकता है।

## बस्तर के अधिकांश क्षेत्र लाल आंतक से मुक्त हो गए है इसमें जवानों की मुख्य भूमिका : केंद्रीय गृहमंत्री

### नक्सल हिंसा में घायलों के लिए विशेष अस्पताल की स्थापना रायपुर और जगदलपुर में





**दंतेवाड़ा, एजेंसी।** केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि बस्तर की कला संस्कृति समृद्ध को बस्तर पण्डूम के माध्यम देश विदेश तक पहुँचाने का एक मंच दिया गया। इस मंच की सफलता से देश के सभी राज्यों के जनजाति संस्कृति, खान पान, वेशभूषा, आभूषण, नृत्य संगीत को प्रोत्साहन देने के लिए सांस्कृतिक महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा । बस्तर संभाग एक समय लाल आंतक से जाना जाता था आज यहाँ जनजातियों की सांस्कृतिक विरासत से सम्बंधित बस्तर पण्डूम कार्यक्रम का सफल आयोजन किया जो कि जवानों के साहस और पराक्रम के कारण ही संभव हो सका है। आज बस्तर के अधिकांश क्षेत्र लाल आंतक से मुक्त हो गए है और विकास की ओर अग्रसर है ।इसमें महत्वपूर्ण भूमिका डीआरजी के जवानों, पैरा मिलिटरी फोर्स, कोबरा बटालियन, छत्तीसगढ़ पुलिस की रही है। सुरक्षा कैम्प अंदरूनी इलाकों में स्थापित किए गए तो गाँव नक्सल मुक्त हुए। उन्होंने जवानों की हौसला करते हुए कहा कि लाल आंतक के खात्मे के लिए सरकार हर परिस्थिति में जवानों के साथ है। हमने सूचना तंत्र को मजबूत किया है ताकि तत्काल सूचनाएं मिल सकें। नक्सल हिंसा में हमारे कई जवान घायल होते है उनके लिए विशेष अस्पताल की स्थापना रायपुर और जगदलपुर में की जाएगी । केंद्रीय गृहमंत्री शनिवार को दंतेवाड़ा के पुलिस लाइन में सफल ऑपरेशन के जवानों से मुलाकात कर रहे थे ।

## सीएम योगी ने मां पाटेश्वरी से की प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना



**बलरामपुर, एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने बलरामपुर दौरे के दूसरे दिन शनिवार को वासंतिक नवरात्र की अष्टमी के अवसर पर माता पाटेश्वरी शक्ति पीठ में दर्शन-पूजन किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर प्रांगण में विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया और श्रद्धालुओं के बीच अपनी सादगी और भक्ति का परिचय दिया। सीएम योगी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर भी पूजा-अर्चना की वीडियो शेयर की। उन्होंने पोस्ट में लिखा, चैत्र नवरात्रि की अष्टमी तिथि के पावन अवसर पर आज जनपद बलरामपुर के तुलसीपुर स्थित आदिशक्ति माँ पाटेश्वरी देवी शक्तिपीठ में भक्तवत्सला माँ भगवती के दर्शन-पूजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ।सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि बनी रहे, जगद्धात्री जगदम्बा सभी का कल्याण करें, उनसे यही प्रार्थना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ऑफिस ने एक्स पोस्ट पर लिखा, सीएम योगी आदित्यनाथ ने आज जनपद बलरामपुर के तुलसीपुर स्थित आदिशक्ति मां पाटेश्वरी देवी शक्तिपीठ में आए श्रद्धालुओं से भेंट की। महाराज जी ने बच्चों से संवाद कर उन्हें आशीष भी दिया। मुख्यमंत्री ने माता पाटेश्वरी शक्ति पीठ में विधि-विधान के साथ मां दुर्गा के दर्शन और पूजा-अर्चना की। नवरात्र के पावन अवसर पर उनकी यह उपस्थिति मंदिर में आए श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। पूजन के बाद मुख्यमंत्री मंदिर प्रांगण में स्थित गौशाला पहुंचे, जहां उन्होंने गायों को अपने हाथों से गुड़ खिलाया। मंदिर परिसर में मौजूद बच्चों के साथ भी मुख्यमंत्री ने आत्मीयता दिखाई। उन्होंने बच्चों को टॉफियां और चॉकलेट बांटकर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेरी। मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चाक-चौबंद रही। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार शाम दो दिवसीय दौरे पर बलरामपुर पहुंचे थे।

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के समाज पर होंगे दूरगामी व्यापक प्रभाव : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री नई दिल्ली में दीनदयाल शोध संस्थान के सेमिनार में हुए शामिल

**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विविध प्रकार के सकारात्मक और नकारात्मक सामाजिक प्रभाव हो सकते है। उन्होंने बताया कि शालेय जीवन में जिस प्रकार से विज्ञान के वरदान अथवा अभिशाप होने पर चर्चा की जाती थी, कंप्यूटर और इंटरनेट क्रांति के शुरुआती दौर में भी रोजगार को लेकर इसी प्रकार के प्रश्न उठते थे। वर्तमान युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के संबंध में भी विभिन्न धारणाएं बन रही हैं, जिनसे इस अत्याधुनिक तकनीक को आशीर्वाद और संकट दोनों ही रूप में देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आशा जताई कि इसके समाज पर



दूरगामी सकारात्मक प्रभाव होंगे। उन्होंने दीनदयाल शोध संस्थान को इस गहन विषय पर सेमिनार आयोजित करने के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को दीनदयाल उपाध्याय शोध संस्थान द्वारा दिल्ली में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सामाजिक प्रभाव' विषय पर आयोजित सेमिनार के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एआई आने से यह धारणा बनी है कि इससे बहुत सी नौकरियां खत्म हो जायेंगी। उन्होंने कहा कि जब कम्प्यूटर आये थे, तो यह ही डर बना था। लेकिन जैसे उस वक्त नौकरियां पैदा हुई वैसे ही आज एआई नई नौकरियां पैदा कर रहा है और मौजूदा नौकरियों को बदल रहा है। खासतौर पर डेटा साइंस, मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में यह तकनीकी व्यवसायों को नये उत्पादों और सेवाओं को विकसित करने और उनकी दक्षता में सुधार करने में मदद कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक शक्तिशाली तकनीक है, जिसके सामाजिक प्रभाव बहुत गहरे हैं।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक, रामविलास शर्मा द्वारा पहल प्रिंटर्स प्लाट नं. 27 बांके सैंथिया टाउन मौजा ककुआ आगरा, उत्तरप्रदेश से मुद्रित व 192,मानस नगर शाहगंज बोदला रोड आगरा (उत्तरप्रदेश) से प्रकाशित। संपादक- रामविलास शर्मा मोबा.-9329077393
स्थानीय संपादक- संतोष शर्मा.मो.97202 02708, email-sandhyapahal@yahoo.com आर.एन.आई.पंजीयन क्रमांक UPHIN/2008/25338 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना ही रहेगा।

# मानव शर्मा आत्महत्या मामला: पुलिस ने पत्नी निकिता और पिता निपेद्र शर्मा को गिरफ्तार किया

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** चर्चित मानव शर्मा आत्म हत्या प्रकरण में बांछित मृतक की पत्नी व 01 अभियुक्त (मृतक के ससुर) को सर्विलांस, एसओजी टीम (नगर जोन) व थाना सदर बाजार पुलिस टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि दिनांक 28.02.2025 को थाना सदर बाजार पर वादी द्वारा तहरीर दी गई कि वादी निवासी बी 6 डिफैन्स कालौनी, थाना सदर बाजार, आगरा का रहने वाला है। वादी अपने पुत्र की शादी दिनांक 30.01.2024 की थी। शादी के बाद से ही पुत्रवधु का व्यवहार वादी के पुत्र व अन्य परिवारीजनों के प्रति ठीक नहीं रखा वह छोटी छोटी बातों पर उग्र होकर घर में लड़ाई झगड़ा करने लगती थी। बादी का पुत्र मुम्बई में नौकरी करता था। इसलिए वह पुत्रवधु को भी अपने साथ मुम्बई ले गया जहाँ पर पुत्रवधु आये दिन वादी के पुत्र के साथ लडाई झगडा क्लेश करती थी तथा वादी के पुत्र ने तंग व परेशान होकर पुत्रवधु की उक्त हरकतों के बारे में कई बार फोन पर भी बताया तब वादी ने उसे समझाया कि अभी नई शादी हुई है बाद में सब ठीक हो जायेगा परन्तु पुत्रवधु की हरकतों में कोई सुधार नहीं आया और वह उसके साथ रहने के दौरान काफी मानसिक रूप से प्रताड़ित करती रही जिस कारण वादी का पुत्र गहरे अवसाद का शिकार हो गया और अत्यधिक परेशान रहने लगा। वादी का पुत्र दिनांक 23.02.2025 को पुत्रवधु के साथ मुम्बई से आगरा आ गया तथा दिनांक 23.02.2025 को ही पुत्रवधु के साथ उसके मायके बरहन, आगरा गया जहाँ पर पुत्रवधु व उसके परिवारीजनों ने मिलकर उसे काफी लज्जित व अपमानित किया तथा वहां पर उसे आत्महत्या के लिए प्रेरित किया। वादी का पुत्र स्वय को काफी अपमानित व लज्जित महसूस कर अपने घर वापिस आ गया तथा उक्त पुत्रवधु व उसके परिजनों की प्रताड़ना व लज्जित करने के कारण तंग व परेशान होकर वादी के पुत्र ने दिनांक 24.02.2025 को सुबह 5.00 बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस सम्बन्ध में थाना सदर बाजार पर दिनांक 28.02.2025 को मुकदमा संख्या 122/2025 धारा 108 बीएनएस पंजीकृत किया गया। उपरोक्त घटना के सफल अनावरण एवं संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सहायक पुलिस आयुक्त, सदर द्वारा थाना सदर बाजार पर पुलिस टीमों का गठन किया गया, दिनांक 04.04.2025 को थाना सदर बाजार पर गठित पुलिस टीमों ने प्राप्त मोबाइल फोन की लोकेशन के आधार पर युवक को फांसी लगाकर आत्महत्या करने को उकसाने वाली घटना में संलिप्त महिला अभियुक्ता (मृतक की पत्नी) व 01 अभियुक्त को अहमदाबाद (गुजरात) से गिरफ्तार किया गया।

उपरोक्त प्रकरण में दिनांक 13.03.2025 को 02 महिला अभियुक्तओं (अभियुक्त नृपेन्द्र की पत्नी व बेटी) को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। गिरफ्तार अभियक्तों में अभियुक्ता (मृतक मानव की पत्नी निकिता शर्मा ) व नूपेन्द्र शर्मा पुत्र राजेन्द्र प्रसाद शर्मा निवासी पंजाब नेशनल बैंक के पास कस्बा व थाना बरहन कमिश्नरेट आगरा । (मृतक मानव शर्मा के ससुर है।

# पेट्रोल पंप से ट्रैक्टर चोरी : बदमाशों ने लोगों पर ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिश की, घटना सीसीटीवी में कैद



सांध्य पहल संवाददाता

आगरा । आगरा के अछनेरा में आए दिन चोर और बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। पुलिस को खुली चुनौती देते हुए बेखौफ होकर अपने मंसूबों को अंजाम दे रहे हैं। इसी क्रम में थाना अछनेरा क्षेत्र के अंतर्गत, अछनेरा-भरतपुर मार्ग स्थित एक पेट्रोल पंप पर खड़े ट्रैक्टर को दो बाइक सवार उड़ा ले गए। इतना ही नहीं, वहां मौजूद लोगों ने रोकने का प्रयास किया तो उन पर ट्रैक्टर चढ़ा कर जान से मारने का प्रयास किया, और ट्रैक्टर ले उड़े। जब घटना की सूचना 112 नंबर पर की गई तो, तत्काल थाना पुलिस और 112 पुलिस मौके पर पहुंची। जहां से पुलिस की दो टीमें लगाई गईं। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। उसी आधार पर चोरों की तलाश की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के अछनेरा-भरतपुर मार्ग स्थित तुरकिया के पास श्रीओम पेट्रोल पंप पर ट्रैक्टर चालक अजीत, ट्रैक्टर में डीजल भरवाकर खड़ा कर, घर चला गया था। बताया गया है कि, वह ट्रैक्टर से गेंहू कुटाई का कार्य करता है। इसी बीच बीती देर रात्रि करीब 12 बजे, बाइक पर दो व्यक्ति आए। जिनमें से एक ने मौका देख, ट्रैक्टर चालू कर भागने लगा। पेट्रोल पंप पर मौजूद कर्मियों एवं अन्य लोगों ने उसे रोकने का प्रयास किया, तो चोर ने लोगों पर ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिश करते हुए, ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। जब पेट्रोल पंप से 112 नंबर पुलिस को सूचना दी गई तो, मौके पर थाना पुलिस और 112 मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने तत्काल धरपकड़ के लिए दो टीमें लगा दीं। वहीं घटना की सूचना ट्रैक्टर मालिक अजीत को दी गई। ट्रैक्टर मालिक के आने पर पुलिस ने जानकारी जुटाई। पुलिस को इस पूरे घटनाक्रम का सीसीटीवी फुटेज भी मिला है। ट्रैक्टर मालिक ने ट्रैक्टर चोरों के खिलाफ़ थाने में तहरीर देकर जल्द कार्यवाही की माँग की है। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी के आधार पर ट्रैक्टर बरामदगी और चोरों की धरपकड़ में जुटी हुई है।

# यातायात पुलिस ने अभियान चलाकर 104 वाहनों का किया चालान, 9 सीज







सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** यातायात पलिस का सख्त अभियान- अवैध ऑटो -रिक्शा पर कठोर कार्यवाही। नाबालिगों के द्वारा -रिक्शा चलाने पर यातायात पलिस द्वारा की गयी कार्यवाही । दिनांक 04.04.2025 को कमिश्नरेट आगरा शासन की मंशानुसार, पुलिस उपायुक्त यातायात, अभिषेक अग्रवाल के मार्गदर्शन में अनाधिकृत और अवैध रूप से संचालित ऑटो/ई-रिक्शा के खिलाफ विशेष अभियान की शुरुआत की गई है। इसका उद्देश्य आगरा महानगर के प्रमुख मार्गो पर यातायात व्यवस्था को सुधारना है। इस अभियान के तहत एमजी रोड, भगवान टाकीज, साई तकिया चौराहे पर बिना लाइसेंस, बिना चेसिस और बिना फिटनेस वाले आटो/ई-रिक्शा के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की गयी। अभियान के दौरान बिना वैध दस्तावेजों के चल रहे आटो।ई रिक्शा के 104 चालान किये गये और 09 आटो/ई रिक्शा को सीज भी किया गया। इस कार्यवाही में स्थानीय पुलिस और यातायात पुलिस की टीम सक्रिय रूप से शामिल रही। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अवैध रूप से संचालित वाहनों के कारण उत्पन्न होने वाली यातायात संबंधी समस्याओं और सड़क दुर्घटनाओं को रोकना है ताकि जनता को सुरक्षित और व्यवस्थित यातायात व्यवस्था मिल सके। यह अभियान नागरिकों की सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है और यह सुनिश्चित करता है कि सभी सड़क उपयोगकर्ता सुरक्षित यात्रा कर सकें। सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यह आवश्यक है कि हम सभी यातायात नियमों का पालन करें और एक जिम्मेदार नागारिक की भूमिका निभाएं। पुलिस कमिश्नरेट आगरा सभी नागरिकों से अपील करता है कि वे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें और सुरक्षित यात्रा करें । हम सभी की जिम्मेदारी है कि वे सड़क पर एक-दूसरे की सुरक्षा का ध्यान रखें और एक सुरक्षित समाज का निर्माण करें । इस अभियान में यातायात पुलिस की ओर से टीआई दुष्यंत राणा, टीआई प्रवीन शुक्ला, टीएसआई सुरेंद्र सिंह यादव , टीएसआई मनोज कुमार, कांस्टेबल अक्षय नैन, एचसी राजीव कुमार मौजूद रहे।

# रायभा कट के पास बाइक सवार दो युवकों को अज्ञात वाहन ने रौंदा, दर्दनाक हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत

## अछनेरा में दक्षिणी बाईपास पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई।

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** आगरा के थाना अछनेरा क्षेत्र के अर्न्तगत दक्षिणी बाईपास रायभा कट के पास बाइक सवार युवकों को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। हादसे में दोनों लोगों की मौत हो गयी। शव के टुकड़े रोड पर बिखर गये थे। पुलिस ने शव के टुकड़ों को एकत्रित कर पीएम के लिए रेफर कर दिया है। हादसे के बाद वाहन चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक थाना अछनेरा क्षेत्र के अंतर्गत दक्षिणी बाईपास हाइवे पर शनिवार सुबह करीब सात बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।टक्कर इतनी भयंकर थी कि दोनों युवकों के शव बुरी तरह क्षतविक्षत हो गए।हादसा उस समय हुआ जब एक अज्ञात वाहन ने तेज रफ्तार से बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

### ग्रामीणों ने दी पुलिस को सूचना

अछनेरा थाना क्षेत्र के गांव रायभा के पास दक्षिणी बाईपास पर शनिवार सुबह ग्रामीणों ने बाइक सवार युवकों को लहूलुहान हालत में पड़ा देख। दोनों की मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। मृतकों की पहचान हेतराम पुत्र भूदेव, निवासी किराराई, थाना फरह, जिला मथुरा और लोकेंद्र पुत्र राजेंद्र सिंह, उम्र लगभग 20 वर्ष, निवासी रायभा, थाना अछनेरा के रूप में हुई है।हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची अछनेरा थाना पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा अज्ञात वाहन चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।घटना अछनेरा थाना क्षेत्र के रायभा कट के पास हुई। स्थानीय लोगों ने हादसे के बाद प्रशासन से मांग की है कि हाईवे पर तेज रफ्तार वाहनों की निगरानी बढ़ाई जाए और ट्रैफिक व्यवस्था को और अधिक सख्त किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों से लोगों की जान बच सकें।

# अब ब्लाक बरौली अहीर के गांव नौबरी के सरकारी भवन में संचालित होगा जिला नशामुक्ति केन्द्र

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** मद्यनिषेध अधिकारी ने अवगत कराया है कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जनपद आगरा में जिला नशा मुक्ति केंद्र को प्रशासन द्वारा जनपद वासियों के इलाज के लिए निःशुल्क भवन उपलब्ध कराया जाना था, जो कि वर्तमान में संस्था सामूहिक उत्थान समिति द्वारा ग्राम नगला कली शमशाबाद रोड जनपद आगरा में किराए की बिल्डिंग में जिला नशा मुक्ति केंद्र संचालित किया जा रहा था। उन्होंने आगे यह भी अवगत कराया है कि वर्तमान में जिलाधिकारी महोदय श्री अरविन्द मल्लअप्पा बंगारी जी द्वारा ग्राम नौबरी, विकास खण्ड बरौली अहीर आगरा में स्थित गाटा संख्या 251 रकबा 0.380 पर अवस्थित सरकारी भवन जिला नशा मुक्ति केंद्र को निःशुल्क संचालन के लिए आवंटित किया गया है। उन्होंने जनपदवासियों से आग्रह किया है कि वे अपने किसी संबंधित व्यक्ति को नौबरी में जिला नशा मुक्ति केंद्र में निःशुल्क इलाज करा सकते हैं।

# डीवीवीएनएल ऑफिस में प्रदर्शन: गोपनीय दस्तावेज के सर्वे का चल रहा विरोध, सर्वे टीम एंट्री नहीं कर पाई

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** आगरा में डीवीवीएनएल आफिस में अवैध ढंग से नियुक्त ट्रांजेक्शन कंसल्टेंट के विरोध में अवर अभियंताओं और प्रोन्नत अभियंताओं तथा विद्युत कर्मचारी तकनीकी एकता संघ के सदस्यों का प्रदर्शन चल रहा है। सभी न्याय की मांग करते हुए नारेबाजी की गई। समिति के सदस्यों का कहना है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के लिए अवैध ढंग से नियुक्त ट्रांजैक्शन कंसलटेंट की टीम द्वारा शक्ति भवन मुख्यालय, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम मुख्यालय वाराणसी और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम मुख्यालय आगरा में गोपनीय दस्तावेज हासिल करने के लिए सर्वे होना है। इसी सर्वे का विरोध किया जा रहा है।

### नहीं बरती गई पारदर्शिता

राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन एवं विद्युत कर्मचारी तकनीकी एकता संघ पदाधिकारियों ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के लिए ट्रांजेक्शन कंसल्टेंट की नियुक्ति में कोई पारदर्शिता नहीं बरती गई है। कनफ्लिक्ट आफ इंटरेस्ट हितों के टकराव के प्रावधान को हटाकर कंसल्टेंट की नियुक्ति की गई है।

### नहीं करने दी एंट्री

संघ के सदस्यों ने प्रदर्शन किया। नारेबाजी की। संघ के सदस्यों का कहना है कि न्याय नहीं हो रहा है। या तो न्याय दिया जाए या अधिकारी कुर्सी छोड़ दें। प्रदर्शन के चलते ट्रांजेक्शन कंसल्टेंट की टीम प्रवेश नहीं कर पाई। प्रदर्शन अभी चल रहा है।

# फतेहाबाद में निकाली जा रही महाराज गुहेराज निषादराज की जन्म जयंती



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा/फतेहाबाद।** फतेहाबाद डाक बंगला से शुरू हुई महाराजा गुहराज निषाद राज जयंती का उद्घाटन करने पहुंचे भारतीय जनता पार्टी की कैबिनेट मंत्री बीएल वर्मा ने पीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। साथ में रहे फतेहाबाद विधायक छोटेलाल वर्मा मौजूद थे। साथ में विधायक पुत्र लक्ष्मीकांत वर्मा और भारी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे। डाक बंगला से शुरू हुई जयंती सीधे सदर बाजार होते हुए और कई जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर लोगों का स्वागत किया और श्री रामचंद्र भगवान के सखा रहे महाराजा गुहराज निषाद राज की जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ निकली गई गई । वहीं पूर्व सभासद रहे गिरीश चंद्र वर्मा ने रैली में आए सभी निशाद भाइयों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। रैली में अनेकों तरह की नई-नई झांकियां देखने को मिली बैंड बाजे की धुन में लोग नाचते हुए नजर आए और महाराजा गोहेराज निषाद राज जयंती में फतेहाबाद पुलिस बाल भारी संख्या में मौजूद रही और मुख्य रूप से रैली में मौजूद रहे। बनवारी लाल प्रधान अंगद सिंह पूर्व प्रधान मनीष वर्मा रामसेवक ठेकेदार और फतेहाबाद से विधायक प्रत्याशी देवेंद्र शर्राफ भी मौजूद रहे। निशाद समाज महाराजा गुहराज निषाद राज जयंती एवं शोभा यात्रा में लोगों ने पर चढ़कर हिस्सा लिया और सदर बाजार होते हुए बाजार में कई जगह लोगों ने पुष्प वर्षा का स्वागत किया। अवंती बाई चौक के पास गोपाल गार्डन में महाराजा गुहराज निषाद राज की जयंती का समापन हुआ?

**फतेहाबाद से संवाददाता साजुद्दीन खान की रिपोर्ट।**

# संचारी रोगो के रोकथाम के लिये चूहा एवं छछुन्दर पर प्रभावी नियंत्रण आवश्यक-जिला कृषि रक्षा अधिकारी

सांध्य पहल संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी अशोक कुमार ने बताया है कि जे0ई0/ए0ई0एस0 रोगों के प्रसार के लिये अन्य कारकों के साथ साथ चूहा/छछुन्दर भी उत्तरदायी है, इसलिये रोगों के रोकथाम के लिये चूहा एवं छछुन्दर का भी प्रभावी नियंत्रण आवश्यक है। चूहां छछुन्दर जैसे जन्तु जापानी इंसफ्लाइटिस सिंड्रोम (ए0ई0एस0) लेप्टोस्पाइरोसिस व स्क्रब टाईफस जैसी अनेक प्रकार जानलेवा बीमारिया के बाहक हो सकते है। ऐसे स्थान जहां घास नमी गंदगी ज्यादा होती है वहाँ इन बीमारियों की संभावना अधिक रहती है। संचारी रोग में मलेरिया, कोरोना, चेचक, हैजा, डेंगू बुखार, सुजाक, हेपेटाइटिस-ए, हेपेटाइटिस-बी, आते है। चूहों से होने वाले तंजम इंपजम मिअमत के बारे मे भी बताया गया, यह बुखार चूहों के काटनें या खरोचनें से होता है। उन्होने बताया है कि चूहे मुख्य रूप से 02 प्रकार के होते है घरेलू एवं खेत के चूहे धरेलू चूहा घर में पाया जाता है, जिसे चुहिया या मूषक कहा जाता है। खेत के चूहो में फील्ड रैट, साफ्ट फर्ड फील्ड रैट एवं फील्ड माउस प्रमुख है। उन्होने नियंत्रण एवं बचाव की विधियों के सम्बन्ध में बताया है कि चूहो की संख्या को नियंत्रित करनें के लिये अन्य भण्डारण पक्का, कंकरीट तथा धातु से बने पात्रों में करना चाहिये ताकि भोज्य पदार्थ उन्हे आसानी से उपलब्ध न हो सके। घरों में खिड़कियों एवं रोशनदान पर जाली लगाकर एवं दरवाजों के नीचे खाली जगह पर टायर की पट्टी अथवा सीमेन्टेट चौखट बनाकर चूहों को नियंत्रित किया जा सकता है। चूहों के प्राकृतिक शत्रुओं बिल्ली, सॉप, उल्लू, लोमड़ी, चमगादड़ आदि द्वारा चूहों को भोजन के रूप में प्रयोग किया जाता है इनको संरक्षण देने से चूहो की संख्या नियंत्रित हो सकती है। चूहे दानी का प्रयोग करके उसमें आकर्षक चारा जैसे रोटी, डबलरोटी, बिस्कुट आदि रखकर चूहों को फसाकर मार देने से इनकी संख्या नियंत्रित की जा सकती है। घरों में ब्रोमोडियोलॉन 0.005 प्रति0 के बने चारें के 10 ग्राम मात्रा प्रत्येक जिन्दा बिल में रखनें से चूहें खाकर मर जाते है। एल्युमिनियम फास्फाइड़ दवा की 3-4 ग्राम मात्रा प्रति जिन्दा बिल में डालकर बिल बंद कर देने से उससे निकलने वाली गैस फास्फीन गैस से चूहे मर जाते है। घर के बाहर कैक्टस व झाड़ीदार पौधें लगानें से चूहे घर में प्रवेश नही करते है तथा मच्छरों की रोकथाम के लिए मच्छर रोधी पौधे जैसे तुलसी, गेंदा, पिपरमेंट, लेमनग्रास, जंगली तुलसी लगाये।

# भारतीय सेना में अग्नि वीर भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रारंभ

सांध्य पहल संवाददाता

**प्रतापगढ़।** सेना भर्ती कार्यालय के एआरओ एस0के0 मोर ने बताया कि भारतीय सेना द्वारा अग्निवीरों की भर्ती के लिए ऑनलाइन पोर्टल खोला गया है जिसमें पंजीकरण प्रक्रिया 12 मार्च से प्रारम्भ हो गया है और 10 अप्रैल 2025 तक अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है तथा पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थी को जे0आई0ए0 में अकाउण्ट बनाए/मौजूदा आई0डी0 से लॉग इन कर रैली नोटिफिकेशन के निर्देशानुसार 30 दिन की पंजीकरण अवधि के दौरान जे0आई0ए0 पर उचित श्रेणी में ऑनलाइन सी0ई0ई0 के लिए रू0 250 प्रति आवेदन भुगतान कर अभ्यर्थी को ऑनलाइन सी0ई0ई0 का प्रवेश पत्र डाउनलोड कर निर्धारित तिथि व समय पर नामित केन्द्र पर ऑनलाइन सी0ई0ई0 देते हुए मेरिट लिस्ट में अपना रिजल्ट देख सकते है। इस क्रम में ऑनलाइन पंजीकरण के लिए अभ्यर्थियों को आधार कार्ड, आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर, दसवीं उत्तीर्ण की मार्कशीट, उच्चतम शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, फोटोग्राफ की स्कैन कॉपी (साइज 5 से 20 के0बी0), हस्ताक्षर की स्कैन कॉपी (साइज 5 से 10 के0बी0), वर्तमान ईमेल आईडी (जो चल रही हो) को भरना होगा। भारतीय सेना द्वारा सैनिक तकनीकी नर्सिंग सहायक, अग्निवीर सामान्य ड्यूटी, अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर ट्रेड्समैन 10वीं पास, अग्निवीर ट्रेड्समैन 8वीं पास आदि पदों पर भर्ती की जाएगी। उपरोक्त सेना में भर्ती बिल्कुल पारदर्शी एवं निशुल्क है व पूर्णतया कंप्यूटर सृजित होने से कोई भी मानवीय हस्तक्षेप संभव नहीं है एवं कोई भी शारीरिक, लिखित या चिकित्सा परीक्षा में किसी भी प्रकार की मदद नहीं कर सकता, खुद की काबिलियत से ही पास हो सकते हैं तथा सिर्फ भर्ती कार्यालय ही आपको सेना में शामिल होने से संबंधित कागजात प्रदान करेगा अन्यथा अगर कोई और प्रदान करता है तो वह कागजात जाली होंगे किसी भी बिचौलिया या दलाल को कोई पैसा ना दें भर्ती प्रक्रिया में उनकी कोई भूमिका नहीं है भर्ती प्रक्रिया पूर्णतया पारदर्शी एवं निष्पक्ष है इसलिए दलालों के चंगुल में न फंसे एवं किसी भी प्रकार के झांसे में ना आए अगर कोई भी दलाल आपको सेना में भर्ती करवाने के लिए पैसों की या किसी और चीज की मांग करता है तो कृपया अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन या भर्ती कार्यालय को सूचित करें। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी हेतु www.joinindian-army.nic.in साइट का प्रयोग करें या अपने निकटतम भर्ती कार्यालय में संपर्क करें।

# पैराजंपिंग के दौरान नहीं खुला पैराशूट, अफसर की मौत: जवानों को हैलिकॉप्टर से जंप की ट्रेनिंग दे रहे थे, गिरने के 2 घंटे बाद मौत

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** शनिवार को वायुसेना के वारंट अफसर की पैराशूट जंपिंग के वक्त मौत हो गई। वो हेलिकाप्टर से जंप की ट्रेनिंग दे रहे थे, इस दौरान पैराशूट खुला ही नहीं। वो सीधे जमीन पर आकर गिरे। साथी लेकर अस्पताल पहुंचे। उसके 2 घंटे बाद डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

**हेलिकाप्टर से जंप की दे रहे थे ट्रेनिंग** प्रतापगढ़ के बेलहा गांव निवासी रामकुमार तिवारी (41) आगरा में वायुसेना के वारंट अफसर थे। परिवार में पत्नी प्रीति तिवारी और दो बेटे यश (14) और कुश(10) हैं। वो आगरा में ही रहती थीं। वो सुबह करीब 9.30 बजे प्रशिक्षणधीन जवानों को हेलिकाप्टर से जंप की ट्रेनिंग दे रहे थे। जवानों के साथ जंप करते समय उनका पैराशूट नहीं खुला। वह सीधे जमीन पर गिर गए। गंभीर चोट पर उन्हें मिलिट्री हास्पिटल में एडमिट कराया था। 100 में उनका इलाज चला। जहां दोपहर करीब 11.40 बजे उनकी मौत हो गई।

**पत्नी मौत की खबर हुई बेहोश** पत्नी प्रीति तिवारी को जैसे ही मौत की खबर मिली, जो बेसुध हो गई। उनका रो रोकर बुरा हाल है। उनके पिता रमाशंकर तिवारी और मां उर्मिला प्रतापगढ़ में रहते हैं। कुछ दिन पहले ही रामकुमार तिवारी अपने गांव गए थे। 7 परिजनों के साथ बिताया था। वारंट अफसर का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव ले जाया जाएगा। वहीं, पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# जिलाधिकारी ने कोल संपूर्ण समाधान दिवस में जन समस्याओं का कराया निस्तारण, शिकायतकर्ता को संतुष्ट करना हमारी प्राथमिकता, समयबद्धता का रखें विशेष ध्यान

**अलीगढ़।** जन सम्मान की समस्याओं शिकायतों के तुरंत समाधान के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस की कड़ी में शनिवार को कोल तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों समेत पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे। डीएम ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण समयबद्धता के साथ करें। शिकायतकर्ता को संतुष्ट करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए, यह भी ध्यान रखा जाए कि शिकायत डिफाल्टर की श्रेणी में ना आने पाए। संपूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट, एसपी क्राइम ममता कुरील, सीएमओ डा0 नीरज त्यागी, डीडीओ आलोक आर्य, पीडी भाल चंद त्रिपाठी, एसडीएम कोल दिग्विजय सिंह, तहसीलदार अवनीश कुमार एवं एसपी द्वारा भी शिकायत एवं समस्याओं को सुना गया। संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ता प्रेम स्वरूप निवासी हीरपुर हुसैनपुर ने सरकारी नाली को कब्जा मुक्त कराए जाने, हरि सिंह ठाकुर निवासी नरेंद्रगढ़ी ने आवागमन में बाधा उत्पन्न होने पर रास्ता खाली कराए जाने, मीना पत्नी भंवर पाल निवासी हरदासपुर ने पात्रता की श्रेणी में होने के उपरांत भी राशन कार्ड में यूनिट न बढ़ाए जाने संबंधी शिकायत की। नाहर सिंह निवासी खेरुपुरा ने खतौनी में नाम संशोधन प्रक्रिया में लेखपाल द्वारा टालमटोल किए जाने, भूप सिंह निवासी भदेशी माफी ने अवैध कब्जा हटाए जाने, हेमंत कुमार सिंह निवासी खराई ने खेत में दोनों तरफ नाली निर्माण कराए जाने संबंधी शिकायती पत्र दिया।

# मुख्यमंत्री खेत खलिहान अग्निकांड दुर्घटना योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता प्रदान की

**अलीगढ़।** मुख्यमंत्री खेत खलिहान अग्निकांड दुर्घटना योजना के तहत हुए नुकसान की भरपाई के लिए जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा ग्राम सिखरना के कृषक गोपाल को 27300 की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार किसानों और खेतों में कार्य करने वाले श्रमिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस योजना से कोई पात्र लाभार्थी वंचित न रहे और समयबद्ध तरीके से प्रकरणों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर मण्डी सचिव रामकुमार यादव समेत अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अपार श्रद्धा और विश्वास के साथ बैंडबाजों की करतल ध्वनि से निकली दक्ष कन्या मां भगवती की भव्य शोभायात्रा

### प्रजापति समाज द्वारा चैत्र माह की महाष्टमी के पावन पर्व पर आयोजित की गई शोभायात्रा, ढोल नगाड़ों संग धूमधाम से नालबंद चौराहा से प्रारम्भ हुई शोभायात्रा ने किया नगर भ्रमण, प्रजापति समाज के वरिष्ठ नागरिकों सहित जनप्रतिनिधियों की रही मौजूदगी

सांध्य पहल संवाददाता






**आगरा।** मातारानी की भक्ति में डूबे श्रद्धालु और हर तरफ बिखरे श्रद्धा के भाव। मां भगवती के गूंजते जयकारों संग देवी देवतों की 75 से अधिक आकर्षक झांकियां मानों देव लोक में होने का एहसास करा रहीं थी। ढोल नगाड़े और बैंडबाजों पर झूमते नाचते श्रद्धालुओं संग उत्साह व उमंग के साथ ऐसा भक्तिमय अलौकिक नजारा कि राहगीर भी शीश झुकाने का ठहर गए। कुछ ऐसा ही दृश्य था प्रजापति देवी मंदिर नालबंद चौराहा से प्रारम्भ हुई दक्ष कन्या मां भगवती की शोभायात्रा का। दक्ष कन्या मां भगवकी शोभायात्रा समिति संग शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से आज 75 से अधिक आकर्षक झांकियां बैंड बाजों व ढोल नगाड़ों संग धूमधाम से आयोजित की गई। प्रजापति देवी मंदिर चौराहा नालबंद से शोभायात्रा का शुभारम्भ पूर्व उपाध्यक्ष राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग लोकेश प्रचापति ने मंदिर में मां भगवती की पूजा अर्चना के बाद श्रीफल भेंट कर व झंडी दिखाकर किया। दीप प्रज्वलन केन्द्रीय राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल व उच्च शिक्षा मंत्री उप्र योगेन्द्र उपाध्याय, विदायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, विधान परिषद सदस्य विजय शिवहरे, भाजपा महानगर अध्यक्ष ने कलश स्थापना की। शोभायात्रा में संयोजक सुनहरी लाल गोला, अध्यक्ष अशोक गोला, महामंत्री नवीन प्रजापति, राजेश प्रजापति पटका पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया। घोड़ों की अगुवाई में सर्वप्रथम विघ्नविनाशक गणपति की प्रतिमा के साथ मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों, कैला माता, चामुणाडा माता, शिव परिवार, समाधि में बैठे शिव जी, खाटू श्याम जी, राम दरबार, वीर हनुमान की आकर्षक झांकियां संग बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, जल ही जीवन है, क्लीन आगरा-ग्रीन आगरा व पर्यावरण स्वच्छता का भी संदेश दिया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से श्यामलाल, संजीव प्रजापति, श्रीचंद गोला, अजय, जयचंद्र, रविन्द्र दक्ष प्रजापति, बैनीराम प्रजापति, सतीश प्रजापति, त्रिलोकी, सुमित प्रजापति (मीडिया प्रभारी), बंटी प्रजापति, विशाल प्रजापति, शुभम प्रजापति, अर्जुन प्रजापति, मोहित प्रजापति, बन्टी प्रजापति, विशाल, शुभम, अजय, अर्जुन, प्रतीक, मोहित, कन्हैया, शिव, ओमप्रकाश, ललित दक्ष, संजय गोला, प्रशान्त, प्रतीक, देवकी नन्दन, सोनी कुमार, निशान्त, एड. रूपसिंह, श्रीकिशन, हरोम, प्रेमप्रकाश, डॉ. शिवकुमार, महेश कवि, तेजसिंह, बुद्धाराम, मनोज प्रजापति उपस्थित थे।

**80 से अधिक स्थानों पर मंच सजाकर व पुष्प वर्षा कर हुआ शोभायात्रा का शुभारम्भ**

शोभायात्रा मार्ग में 80 से अधिक स्थानों पर पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का शुभारम्भ किया गया। जगह-जगह मंच सजाए गए। जगह-जगह भंडारे, तोरणद्वार, शीतल जल की प्याऊ लगाई गईं। पंचकुईयां चौराहे पर उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर नालबंद चौराहा स्थित प्राचीन प्रजापति देवी मंदिर को सतरंगी पुष्पों व रोशनी से सजाया गया।

**इन क्षेत्रों से गुजरी मां भगवती की शोभायात्रा**

नागबंद चौराहा स्थित प्रजापति देवी मंदिर से प्रारम्भ होकर सोभायात्रा ने पंचकुईयां, जीआईसी ग्राउंड, कोठी मीनाबाजार, सिरकी मंडी, लोहामंडी चौराहा, तोता का ताल, मदिया कटरा, हरी पर्वत, मंडी सईद खां, रघुनाथ सिनेमा, चित्रा सिनेमा, काली बाड़ी मंदिर से नूरी दरवाजा, राजामंडी चैराहा, आगरा कालेज, टीबी हॉस्पीटल, खिड़की काले खां, पटेल नगर, मोती कटरा, नीरा हुसैनी चौराहा, सदर भट्टी, धाकरान चौराहा होते हुए प्रजापति देवी मंदिर पर विश्राम लिया।

**6 अप्रैल को होगा जागरण व फूल बंगले का आयोजन**

आगरा। नालबंद चौराहा स्थित प्रजापकि देवी मंदिर के अध्यक्ष रघुवीर प्रजापकि ने बताया कि महानवमी के पावन वसर पर 6 अप्रैल को विशाल रात्रि जागरण व फूल बंगले का का आयोजन मंदिर परिसर में किया जाएगा। जिसमें मशहूर कलाकारों द्वारा जागरण में आकर्षक जांकियां प्रस्तुत की जाएंगी।

# युवक की हत्या करने वाला गिरफ्तार : शराब पीने के लिए रुपए न देने पर सिर पर पत्थर से हमला किया था

सांध्य पहल संवाददाता




**आगरा।** थाना सदर बाजार पुलिस टीम, एसओजी/सर्विलांस टीम नगर जोन द्वारा की गयी संयुक्त कार्यवाही, पत्थर से सिर पर वार कर व्यक्ति की हत्या करने की घटना में संलिप्त अभियुक्त को किया गिरफ्तार। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि दिनांक 24.02.2025 को वादी द्वारा थाना सदर बाजार पर सूचना दी गयी कि दिनांक 23.02.2025 को वादी का भाई खाना खाकर मेरे घर नगला जस्सा से रात्रि 12 बजे काजीपाड़ा गया था जोकि अपने घर नहीं पहुचा, तभी उन्हें पता चला कि गोपाल पुरा में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली है जिसे पहचानने पर वह शव वादी के भाई का मिला। वादी के भाई की किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्य कर दी गयी है। इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर दिनांक 24.02.2025 को थाना सदर बाजार पर मुकदमा संख्या 114/2025 धारा 103 बीएनएस पंजीकृत किया गया। उपरोक्त घटना के सफल अनावरण एवं संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सहायक पुलिस आयुक्त सदर विनायक भोसले द्वारा थाना सदर बाजार पुलिस टीमों का गठन किया गया 7 दिनांक 04 05.04.2025 की रात्रि को थाना सदर बाजार पर गठित पुलिस टीमों ने मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर व्यक्ति की हत्या करने की घटना में संलिप्त अभियुक्त मृदुल चौहान पुत्र तेज बहादुर जाति चौहान ठाकुर निवासी पंजाबी वाली गली गोपालपुरा थाना सदर बाजार को सीओडी ग्राउण्ड के पास स्थित मंदिर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशादेही के आधार पर घटनास्थल के पास से हत्या की घटना में प्रयुक्त पत्थर बरामद हुआ।

**पुछताछ में बताया गया**

पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त मृदुल से हत्या की घटना के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर उसने बताया कि दिनांक 22 23.02.2025 की रात्रि मे उसने अपने साथियों के साथ मिलकर शराब पी थी, शराब पीकर अभियुक्त के साथी अपने अपने घर चले गये थे, और अभियुक्त नशे में सड़क से जा रहा था तो बिन्दुकटरा की ओर से एक व्यक्ति आता दिखायी दिया अभियुक्त ने उसे रोककर रूपये की मांग की तब दोनों का आपस में झगड़ा हो गया और अभियुक्त ने मारपीट करते हुए मृतक को खोखे के पीछे ले जाकर एक नुकीला पत्थर से मृतक के सिर पर दो तीन वार किये जिससे उसकी मृत्यु हो गयी उसके बाद अभियुक्त ने मृतक की पेन्ट उताकर उसकी जेब देखी तब उसे पेन्ट में कुछ नहीं मिला अभियुक्त ने हत्या की घटना में प्रयुक्त पत्थर को घटना स्थल के पास बने एक मकान के पास झाड़ियों में फेंक दिया था ।जिसे पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त की निशादेही के आधार पर बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी सदर बाजार बिरेश पाल गिरी सर्विलांस टीम के प्रभारी उप निरीक्षक अंकुर मलिक एसओजी टीम के प्रभारी उप निरीक्षक सुनीत शर्मा उप निरीक्षक श्याम सुंदर उप निरीक्षक शिवम मिश्रा प्रशिक्षु उप निरीक्षक निरंजन तिवारी सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

# युवकों को बंधक बनाकर मारपीट करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार




सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** दो युवको को बंधक बनाकर उनके साथ मारपीट करने की घटना में संलिप्त 002 अभियुकों को थाना सदर पुलिस टीम द्वारा किया गिरफ्तार । डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि दिनांक 04.04.2025 को वादी द्वारा थाना सदर बाजार पर सूचना दी गयी कि वादी का चचेरा भाई रायल्स कार्गो एंड मूबर्स के मालिक रविकांत की गाड़ी चलाते है, दिनांक 02.04.2025 को मालिक रविकांत ने वादी व उसके भाई को बुलाकर अपने राजपुर चुंगी आफिस में बंधक बनाकर अपने ड्राईवर जीतू व प्रदीप के साथ मिलकर जान से मारने की नीयत से बेल्ट व डंडो से मारपीट की जिससे वादी के भाई की आंख पर गहरी चोट आई है। मारपीट करते हुए उपरोक्त तीनों लोग वादी व उसके भाई से रू0 4000/ की मांग कर रहे थे और राजस्थान ले जाने की बातें कर रहे थे 7 वहां से भागकर उन्होने अपनी जान बचायी है। इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर दिनांक 04.04.2025 को थाना सदर बाजार पर मुकदमा संख्या 178/2025 धारा 127(2)/109/308(2)/352/351 (2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। उपरोक्त घटना में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सहायक पुलिस आयुक्त सदर द्वारा थाना सदर बाजार पुलिस टीम का गठन किया गया । दिनांक 05.04.2025 को थाना सदर बाजार पर गठित पुलिस टीम ने मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर बंधक बनाकर मारपीट करने की घटना में संलिप्त 02 अभियुक्तों रविकान्त उर्फ रवि व अभियुक्त जितेन्द्र उर्फ जीकू को टक्कर रोड पर पीडब्ल्यू डी ऑफिस के सामने बिजली के पोल से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों रविकान्त उर्फ रवि पुत्र कालीचरन निवासी मीरा विहार कालोनी बीच का उखर्रा थाना सदर बाजार कमिश्नरेट आगरा व जितेन्द्र उर्फ जीतू पुत्र नाहर सिंह निवासी गांव गढी करीलपुर थाना राजाखेडा जिला धौलपुर राजस्थान व अभी प्रदीप वांछित उसकी तलाश की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक सदर बाजार बिरेशपाल गिरी, उप निरीक्षक योगेश कुमार उप निरीक्षक मनोज कुमार प्रशिक्षु उप निरीक्षक अजय सांगवान और रोहित त्यागी, कांस्टेबल विकास कुमार,आदि शामिल थे।

# आगरा से फतेहाबाद जाते समय सड़क दुघर्टना में युवक की मौत





सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** तहसील फतेहाबाद के गांव जवाहरपुर मौजा भदौरा के निवासी धर्मवीर उपाध्याय पुत्र रामबाबू उपाध्याय रात को आगरा से अपनी मोटरसाइकिल से फतेहाबाद के लिए निकले थे, क्योंकि धर्मवीर उपाध्याय की मां राम सखी खत्म हो गई थी । उनकी सूचना पाकर धर्मवीर आगरा से अपने गांव जा रहे थे जैसे ही फतेहाबाद रोड टंकी चौराहे पर रात्रि के समय 10ः00 बजे लगभग एक गाड़ी एस्टर ने पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दी गाड़ी नंबर क्क 80तङ्ख7967 ने धर्मवीर की जान ले ली। थाना डौकी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और डेड बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना की जानकारी होते ही गांव जवाहरपुर में शोक की लहर दौड़ गई। उधर कल धर्मवीर की मां राम सखी का देहांत हो गया था। अपनी मां की खबर सुनकर बेटा धर्मवीर आगरा से निकाला रास्ते में ही धर्मवीर की एक्सीडेंट में मौत हो गई। जब धर्मवीर की खबर गांव में पहुंची तो गांव में चीख पुकार मच गई और पूरे गांव में मातम सा छा गया।

**फतेहाबाद से संवाददाता साजुद्दीन खान की रिपोर्ट।**

# मऊ रोड़ स्थित पथवारी माता मंदिर पर अखंड सुन्दरकाण्ड पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन





सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** पवित्र नवरात्रों के आखिरी दिन महा अष्टमी के उपलक्ष्य में सिद्धार्थ एंक्लेव मऊ रोड़ स्थित पथवारी माता मंदिर पर अखंड सुन्दरकाण्ड पाठ का संगीतमई आयोजन किया गया। आयोजन में संगीतकारों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संगीतमई करतल ध्वनि से मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की आयोजक रहीं वरिष्ठ समाजसेविका श्रीमती अनीता यादव ने प्रचंड विद्वानों के सानिध्य में विधि-विधान से पूजन अर्चन कर श्री राम कथा का शुभारंभ किया। बताते चलें कि माता के अनन्य भक्त विभिन्न प्रकार के धार्मिक अनुष्ठानों के माध्यम से देवी दुर्गा की कृपा और आशीर्वाद प्राप्त करने का प्रयास करते हैं। महा अष्टमी पर देवी की पूजा की पूजा अर्चना करने से भक्तों को सुख शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है। इस अवसर को विशेष बनाने के लिए श्रद्धालु विभिन्न प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान आयोजित करते हैं। जिन में हवन, कन्या पूजन, और देवी की आरती जैसे पुनीत कार्य शामिल हैं। इस पवित्र अवसर पर आयोजित धार्मिक अनुष्ठानों का उद्देश्य देवी दुर्गा की कृपा प्राप्त करना हैं। इस तरह के अनुष्ठानों के माध्यम से लोग अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने का प्रयास करते हैं। कार्यक्रम समापन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जो अपराह्न 1 बजे से आरंभ होकर देर शाम तक जारी रहा। कार्यक्रम के आयोजकों में ई0 कृपाल सिंह यादव, वरिष्ठ समाजसेविका श्रीमती अनीता यादव, ई0 असीम यादव, अचल यादव, के अलावा अधिवक्ता नरेंद्र सिंह परमार, पूर्व पार्षद प्रत्याशी ताराचंद बघेल, लालाबाबू शर्मा, महेंद्र सिंह सहित अनेकों श्रद्धालू मौजूद थे।

# अ. भा. क्षत्रिय महासभा द्वारा सांसद सुमन के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई 9 को

**हाथरस।** जनपद न्यायालय प्रांगण स्थित एमपी-एमएलए कोर्ट में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश महासचिव मतेंद्र सिंह गहलोत द्वारा दायर याचिका पर आज सुनवाई की गई। उक्त याचिका समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन के खिलाफ दायर की गई थी।एमपी एमएलए कोर्ट में राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के खिलाफ अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश महासचिव मतेंद्र सिंह गहलोत एड़. ने अपनी याचिका में कहा है कि सांसद सुमन ने राज्यसभा में महाराणा सांगा को गद्दार कहकर क्षत्रिय समाज का अपमान किया।गहलोत ने बताया कि वे महाराणा सांगा के वंशज हैं। पूरा क्षत्रिय समाज महाराणा सांगा के शौर्य को अपनी प्रतिष्ठा से जोड़कर देखता है। सुमन ने 22 मार्च को सोशल मीडिया पर अपने इस बयान को दोहराया।याचिकाकर्ता का कहना है कि इससे सामाजिक सौहार्द बिगड़ने और जातीय संघर्ष फैलने का खतरा है। मतेन्द्र सिंह गहलोत ने पहले थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने की कोशिश की। कार्यवाही न होने पर एसपी को रजिस्टर्ड डाक से शिकायत भेजी। कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर उन्होंने कोर्ट में याचिका दायर की गई है।न्यायालय में आज की सुनवाई में सुमन की ओर से अधिवक्ता ने दलीलें रखने के लिए समय मांगा। गहलोत के अधिवक्ता मुन्ना सिंह पुंडीर ने इस पर आपत्ति जताई। न्यायालय ने अब इस मामले की अगली सुनवाई 9 अप्रैल को निर्धारित की है।

# जिला मजिस्ट्रेट ने पैमाइश, वरासत एवं राजस्व संबंधित कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

**अलीगढ़।** जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन ने जनहित से जुड़े राजस्व कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कानूनगो एवं लेखपालों को निर्देशित किया है कि पैमाइश एवं निर्विवाद वरासत से संबंधित प्रकरणों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर 15 मई से पूर्व सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने धारा 34 के तहत न्यायालय में लंबित वादों का प्राथमिकता से निस्तारण कराते हुए फॉर्मर रजिस्ट्री का कार्य जल्द से जल्द समाप्त करने के निर्देश दिए। जिला मजिस्ट्रेट समाधान दिवस के उपरांत राजस्व अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दे रहे थे। डीएम ने कहा कि इन कार्यों में अनावश्यक विलंब जनता को कठिनाई में डालता है और राजस्व प्रणाली की कार्यक्षमता पर प्रश्न खड़े करता है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक हल्का लेखपाल अपने क्षेत्र में लंबित मामलों की पहचान कर 1 अप्रैल से पूर्व के पैमाइश एवं निर्विवाद वरासत से सभी प्रकरण 15 मई तक निस्तारित करें। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि किसी भी प्रकरण में घर बैठे रिपोर्ट देने के बजाए मौके पर जाकर उभय पक्षों को सुन, नजरी नक्शा के साथ रिपोर्ट लगायें। उन्होंने कहा कि तहसील प्रशासन की यह पहल ''समयबद्ध, पारदर्शी एवं जनहितकारी राजस्व व्यवस्था'' को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# दुर्गा अष्टमी पर ब्रज के मंदिरों में आयोजित हुई विभिन्न प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान, अखंड रामायण पाठ के साथ भण्डारों की रही धूम

- सीएम योगी के निर्देश पर ब्रज के सभी प्रमुख देवी मंदिरों में कार्यक्रम हुए आयोजित
- नवरात्रि के दौरान साफ- सफाई, पेयजल, प्रकाश आदि व्यवस्था का रखा गया खास ध्यान

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** योगी सरकार के निर्देश पर दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर पूरे ब्रज में में स्थित प्रमुख मंदिरों में अखंड रामचरितमानस पाठ की शुरुआत के साथ ही दुर्गा सप्तशती का पाठ व अन्य परंपरागत धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। इन धार्मिक आयोजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। संस्कृति एवं पर्यटन विभाग और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा मथुरा जिले के 27 मंदिरों में शनिवार को परंपरागत धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। मथुरा- वृंदावन में स्थित प्रमुख मंदिर बंगलामुखी मंदिर, कंकाली मंदिर, कैलादेवी मंदिर, चामुंडा देवी मंदिर, काली देवी मंदिर, माता कात्यायनी देवी मंदिर, वैष्णो देवी मंदिर, चामुण्डा देवी मंदिर, जैंत, मनसा देवी मंदिर, फरह देवी मंदिर, पथवारी मंदिर, फरह, मां पथवारी देवी मंदिर, कोसीकलां, मां भगवती देवी मंदिर, कोसीकलां, मां चंद्रावली मंदिर, नरी सेमरी माता मंदिर, ग्राम सेमरी, खुशहाली हीरामन शक्ति धाम, मां पथवारी देवी मंदिर, छाता, मां चंद्रावली मंदिर, रमणरेती आश्रम. महावन, काली मां मंदिर, बरौली, दाऊजी मंदिर, महावन, मनकामेश्वरी मंदिर, राया, मां बागेश्वरी मंदिर, राया, ठाकुर राधा गोपाल मंदिर, राया, कैला देवी मंदिर, मांट, देवी मंदिर सुरीर समेत जनपद के अन्य प्रमुख मंदिरों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। अखंड राम चरित मानस पाठ का समापन रविवार को होगा। वहीं आगरा जनपद के मां चामुंडा देवी मंदिर, काली बाड़ी माता मंदिर, मां कामाख्या देवी मंदिर, पथवारी मंदिर, कैला देवी मंदिर, प्राचीन हनुमान मंदिर, शीतला माता मंदिर, कैला देवी मंदिर, इटौरा, पिनाहट ब्लॉक में बाला देवी मंदिर, बलई, मां दुर्गा मंदिर, रैरा, गलुआ माता मंदिर, रेहा, चामड़ माता मंदिर, विप्रावली, मां कालका मंदिर, विप्रावली, अछनेरा ब्लॉक में दुर्गा माता मंदिर शक्तिपीठ, देवी मंदिर, कलवारी, मां दुर्गा मंदिर, कचौरा, दुर्गा माता मंदिर, लादूखेड़ा, हनुमान मंदिर, सैंया समेत जनपद के करीब 40 प्रमुख मंदिरों में दुर्गा सप्तशती, रामचरित मानस का पाठ व अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्रीरामचरित मानस का पाठ अनवरत 24 घंटे चलेगा। इसके समापन पर आरती होगी और भंडारा आयोजित किया जाएगा। इस दौरान साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश आदि की बेहतर व्यवस्था का खास ध्यान रखा गया। ताकि शहरों और गांवों में मंदिरों के आसपास स्वच्छ वातावरण रखा जा सके।

# श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के राष्ट्रीय महामंत्री बने देवेन्द्र पाण्डेय, जन्मस्थली को मस्जिद के कलंक से मुक्त कराने का लिया संकल्प

सांध्य पहल संवाददाता


श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास

नियुक्ति - पत्र

नाम आलोक पाण्डेय

निवास गाजीपुर

मो. +91 6386506392

भगवान श्री कृष्ण और सनातन धर्म में आपकी अटूट आस्था को देखते हुए श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के राष्ट्रीय संरक्षक श्री देवप्रकाश कटियार जी (रि कमिश्नर) की सहमति से आपको न्यास का राष्ट्रीय मंत्री के पद पर नियुक्त किया जाता है। आपके जुड़ने से श्रीकृष्ण जन्मभूमि मन्दिर से शाही ईदगाह को हटाने के लिए संघर्ष कर रहे सनातनी हिन्दुओं को बल मिलेगा। आपको संगठन विस्तार करने की जिम्मेदारी दी जाती है। हमें विश्वास है कि आप अपने सर्वोत्तम ज्ञान एवं उर्जा का उपयोग करते हुए न्यास के सिद्धान्तों का सत्यनिष्ठा से पालन करते हुए न्यास को मजबूती प्रदान करेंगे।

अश्विनी कुमार शर्मा
राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन)

दिनेश शर्मा (फलाहारी)
राष्ट्रीय अध्यक्ष

**आगरा।** श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास से आलोक पाण्डेय को राष्ट्रीय मंत्री का दायित्व सौंपा गया है। श्री पाण्डेय ने दायित्व ग्रहण करने के उपरांत सर्वप्रथम न्यास के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री दिनेश शर्मा (फलाहारी) जी महाराज का आभार व साधुवाद प्रकट करते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने धर्म के उत्थान के लिए अपना सारा जीवन समर्पित किया था, जिसको विस्तार से वर्णन करना संभव नहीं है, परंतु कलयुग में जिस तरह से हमारे आराध्या प्रभु श्री कृष्णा जी के जन्म स्थल पर आक्रांताओं द्वारा कब्जा किया गया, वह सहन योग्य नहीं है और श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास श्री कृष्णा जन्म स्थल के पवित्र क्षेत्र को निकट भविष्य में मस्जिद के कलंक से मुक्त कराने का अपना संकल्प दोहरा रहा है, हमारा संघर्ष जारी रहेगा, चाहे उसके लिए एक बार फिर से महाभारत की लड़ाई क्यों न लड़नी पड़े। श्री पाण्डेय कई संगठनों में उच्च कोटि के पदाधिकारी के रूप में सनातन समाज को अपनी सेवाएं देते रहे हैं। श्री पाण्डेय ने 2010 से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से प्रशिक्षित होकर धर्म और राष्ट सेवा की शुरुआत की। वर्तमान में अखिल भारत हिंदू महासभा विद्यार्थी सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय विचार मंच युवा मोर्चा से राष्ट्रीय सचिव व उत्तर प्रदेश अध्यक्ष तथा विश्व हिंदू महासंघ से राष्ट्रीय मंत्री व जिला प्रभारी गाजीपुर जैसे दायित्वों पर सेवा देते रहे हैं।

# हटो-हटो, सेठ जी आ रहे हैंः दिल को चुभी बात, तब से निकली मूंछों वाले रामचंद्रजी महाराज की शोभायात्रा, 144 वर्ष पुरानी मूंछों वाले रामचंद्रजी महाराज की शोभायात्रा का आयोजन आज

**हाथरस।** रामनवमी पर 144 वर्ष पुरानी मूंछों वाले रामचंद्रजी महाराज की शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा।ये शोभायात्रा ट्रस्ट ठाकुर श्रीकृष्ण चंद्रजी महाराज विराजमान मंदिर, बाग बैनीराम के प्रबंधक तुलसी प्रसाद पोद्दार के सानिध्य में निकाली जाएगी। प्रबंधक तुलसी प्रसाद पोद्दार ने बताया कि इस वर्ष भी मूंछों वाले रामचंद्रजी महाराज की शोभायात्रा 6 अप्रैल की शाम धूमधाम से निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 1881 में सबसे पहले सेठ बैनीराम जी पोद्दार अपने लाव-लश्कर के साथ वृंदावन में होने वाले रथ मेले को देखने गए थे। वहां पर भीड़ में लोग बोले हटो-हटो, सेठ जी आ रहे हैं..। इस पर दर्शन करने आये कुछ लोग बोले कि इतना बड़ा सेठ है तो अपने शहर में रथ का मेला क्यों नहीं निकलवाता..। यह बात सेठ बैनीराम पोद्दार को चुभ गई।सेठ जी ने हाथरस वापस आकर दिन-रात मेहनत कर पांच मंजिला रथ तैयार करवाया।इसके बाद रथ का मेला वर्ष 1882 से निकलना शुरू हुआ। तभी से ही चामड़ गेट स्थित गमेल वाली बगीची से मूंछों वाले रामचंद्र की शोभायात्रा प्रत्येक वर्ष रामनवमी वाले दिन निकाली जाती है।

# संपादकीय

## रेलवे के खराब रख-रखाव के कारण जोखिम

ओडिशा के कटक में नेरगुंडी स्टेशन के पास बैंगलोर-कामाख्या सुपरफास्ट एक्सप्रेस का बे-पटरी होना वाकई दुखद है। खबर है कि ट्रेन के ग्यारह डिब्बे पटरी से उतर गए और एक शख्स की मौत हो गई है जबकि कई घायल हैं। हालांकि ट्रेन के पटरी से उतरने का कारण अभी पता नहीं चला है, परंतु जांच के आदेश दिए जा चुके हैं। ट्रेनों के पटरी से उतरने के मुख्य कारणों में ट्रैक की खराबी के साथ ही टूटी पटरियां, गलत ट्रैक होना या स्विच की खराबी होती है। कई बार रेलवे के खराब रख-रखाव के कारण भी जोखिम बढ़ जाता है। मैकेनिकल फाल्ट या ट्रैक पर लगे उपकरणों की उचित देखभाल न होने के कारण भी पटरी से ट्रेन उतर सकती है। विशेषज्ञ बताते हैं, अत्यधिक गरमी के कारण पटरियों पर पड़ने वाली दरारें या डब्बों को आपस में जोड़ने वाले उपकरणों को सलीके न बांधे जाने के कारण भी यह हादसा होने की आशंकाएं बढ जाती हैं। चूंकि अपने देश का रेल नेटवर्क दुनिया का चौथा सबसे बड़ा है, जिसमें बड़ी संख्या में यात्री व भारी-भरकम सामान का आवागमन होता है। नियंत्रक व महालेखा परीक्षक ने हर साल एक लाख से अधिक सिग्नल व रोलिंग स्टॉक मेमोरी की विफलता की तरफ भी इशारा किया है। पुरानी हो चुकी पटरियों पर जब ओवर-लोडेड ट्रेनें तेज रफ्तार से गुजरती हैं तो इन पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है और टूटने का खतरा बढ़ जाता है। पिछली कई दुर्घटनाओं में पाया गया कि इनके पीछे चालकों की थकान व काम का बोझ भी है। सिग्नल विफलताएं, तकनीकी खामियां, रख-रखाव संबंधी लापरवाहियां भी कम नहीं हो रहीं। मानवीय गलतियों को लेकर जितना हो-हल्ला होता है, उससे ज्यादा तकनीकी गड़बड़ी तथा खरीद में लापरवाही भी दोषी है। रेलवे की गलतियों के अलावा अराजक तत्वों की शरारत, जानबूझकर कर की गई तोड़-फोड़ भी होती है। जिसे रोकना बड़ी चुनौती है। तय रूप से दुर्घटनाओं से बचाव के लिए रेलवे को तकनीक का बेहतर इस्तेमाल करना चाहिए और कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के अतिरिक्त उन्हें और भी जिम्मेदार बनाना होगा। यह यात्रियों का भी दायित्व है कि वे सतर्क रहें और रेल नियमों का पालन करें। सरकार व रेलवे ऐसी किसी भी दुर्घटना के बाद मुआवजे का ऐलान कर हाथ न झाड़ें बल्कि एहितयातन सबक लेने की कोशिशें भी करें।

राम नवमी पर विशेष

# जीवन का आधार हैं राम

(संदीप सृजन-विभूति फीचर्स)



विश्व भर में रामराज्य की कल्पना को एक आदर्श के रूप में देखा जाता है, क्योंकि रामराज्य एक नैतिक और न्यायिक राज्य का प्रतीक है, राम के राज्य में तानाशाही का कोई स्थान नहीं रहा। विश्व की कई संस्कृतियों में राम शब्द आदर्श का प्रतीक माना जाता रहा है। इसीलिए रामायण जैसा ग्रंथ आज भी प्रासंगिक बना हुआ है। हमारी व्यक्तिगत धारणाएं जो भी हों, हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि राम के जीवन की कथा रामायण विश्व सभ्यता की मूलभूत कथाओं में से एक है। हजारों सालों से लाखों जीवन का आधार राम रहे हैं। इस बात पर गौर करना महत्वपूर्ण है कि वह कोई धार्मिक व्यक्तित्व नहीं हैं। कोई भी धर्म उन पर पूरी तरह दावा नहीं कर सकता। न ही इस राम कहानी में किसी भी बिंदु पर राम खुद को एक हिंदू घोषित करते हैं। अगर राम इस विश्व के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आदर्श हैं, तो इसलिए क्योंकि वह स्थिरता, संतुलन, शांति, सत्य, पवित्रता, करुणा और न्याय के प्रतीक हैं। हम उन्हें इसलिए पूजते हैं क्योंकि उनमें एक महान सभ्यता के निर्माण के लिए जरूरी गुण समाए हैं। आज का आधुनिक मन यह सोचकर हैरान हो सकता है कि हम राम की पूजा क्यों करते हैं। आखिरकार, उनके जीवन की कहानी कोई कामयाबी की कहानी नहीं है। बल्कि उनके जीवन में लगातार विपत्तियां आती रहीं, उनके जैसे कुछ ही लोग एक ही जीवनकाल में इतनी विपत्तियों से गुज़रते हैं। राम अपने पिता के सिंहासन के उत्तराधिकारी हैं पर वह अपने पिता के कहने पर राज्य छोड़ देते हैं और वनवास स्वीकार कर लेते है। वनवास में अपनी पत्नी खो देते हैं, जिसे वापस लाने के लिए उन्हें युद्ध लड़ना पड़ता हैं, और अपनी पत्नी को वापस लाते हैं। फिर भी उनको लोगों की आलोचना और छींटाकशी का शिकार बनना पड़ता है, जिसके बाद वह एक बार फिर अपनी पत्नी को जंगल भेज देते हैं। और भी दुर्भाग्य देखिए उनकी प्रिय रानी को दुखद रूप से जंगल में बच्चों को जन्म देना पड़ता है। और फिर विडंबना देखिए, राम अपने ही बच्चों से युद्ध करते हैं, क्योंकि वे उन्हें नहीं पहचानते। और अंत में, जिस एक स्त्री से उन्होंने हमेशा प्रेम किया, वह सीता उनके सामने ही मृत्यु को प्राप्त होती हैं। देखा जाए तो राम की कहानी एक शोकपूर्ण कहानी है। लेकिन अगर हम उन्हें पूजते हैं, तो इसलिए क्योंकि उन्होंने अपना जीवन इस खास तरह से जिया, उन्होंने अपनी विफलताओं को भव्यता, गरिमा, साहस और धैर्य से संभाला। उनका आदर इसलिए नहीं किया जाता कि वह बाहरी दुनिया के विजेता थे, वह भीतरी जीवन के विजेता हैं, क्योंकि वह विपरीत परिस्थितियों में डगमगाते नहीं हैं। आज तथाकथित आधुनिक दृष्टि अपनाते हुए राम के जीवन में दोष ढूंढना संभव है। लोग दोष ढूंढ भी रहे है। सीता के प्रति राम के बर्ताव को स्त्री के प्रति अन्याय मान सकते हैं, या वानरों के चित्रण को नीचा दिखाने वाला और किसी खास जाति पर केंद्रित मान सकते हैं। दरअसल अतीत में जाकर किसी भी व्यक्तित्व को उठाकर उसकी चीर-फाड़ करना बहुत आसान है। मगर इससे पहले कि हम आसानी से फैसले करते हुए राम के व्यक्तित्व को खारिज कर दें, हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि मानवता को आदर्शों की जरूरत है। हम देखें कि कौन सी चीज़ राम को इतना असाधारण बनाती है। कई हज़ार साल पहले, जब दुनिया के अधिकांश हिस्सों में शासक सिर्फ विजेता थे, जो अक्सर बर्बर हुआ करते थे ङ्क उस समय राम ने मानवता, त्याग और न्याय की अनुकरणीय भावना का प्रदर्शन किया। रावण को मारने के बाद भी उनकी आँखों में क्रोध नहीं दिखता, वह गिरे हुए रावण के शव के पास आते हैं और उन्हें जो कार्य करना पड़ा, उसके लिए पश्चाताप करते हैं। अपने जीवन की सारी चुनौतियों के बीच, वह कभी अपना संतुलन नहीं खोते, कभी मन में कड़वाहट या प्रतिशोध नहीं रखते। वह काफी हद तक छल-कपट या राजनीति से दूर रहते हैं और अपनी शक्ति के दुरुपयोग को लेकर बहुत सतर्क रहते हैं। समभाव रखने वाले राम समग्रता और आत्म-त्याग का जीवन जीते हुए एक मिसाल पेश करते हैं, वे अपनी प्रजा के लिए अपनी खुशी त्यागने के लिए तैयार हैं। सबसे बढ़कर, मुक्ति को महत्व देने वाली संस्कृति में वह नकारात्मकता, स्वार्थ और अधमता से ऊपर उठकर आज़ादी के प्रतीक हैं। राम नायक इसलिए नहीं हैं, क्योंकि उनका जीवन परिपूर्ण है, बल्कि इसलिए हैं क्योंकि वह एक असाधारण जीवन जीते हैं। इसीलिए उन्हें मर्यादा पुरुष कहा जाता है। राम का जीवन आदर्श विश्व संस्कृति और आध्यात्म को पोषित करता है। मानव को मानव की तरह बने रहने और मानव की तरह ही व्यवहार करने की प्रेरणा देता है। राम का स्वयं का जीवन तो प्रेरणा देता ही उनके सहचरों का जीवन भी कम प्रेरणादायी नहीं है। समर्पण और धैर्य के साथ परिस्थितियों पर विजय कैसे हो सकते है, यह समाज को राम का जीवन सिखाता है।

# ट्रंप टैरिफ,एआई और शेयर बाजारों का भविष्य

(विवेक रंजन श्रीवास्तव-विनायक फीचर्स)



अप्रैल 2025 तक वैश्विक शेयर बाजार अनेक अवसरों और चुनौतियों के बीच संतुलन बना रहे हैं। आर्थिक गतिविधियां, भू-राजनीतिक तनाव, सामाजिक रुझान और तकनीकी प्रगति मिलकर बाजार की दिशा तय कर रहे हैं, ट्रंप टैरिफ ने असामान्य स्थिति बना दी है। यह समय शेयर बाजार पर समझ चाहता है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था ए आई(कृत्रिम बुद्धिमत्ता) प्रेरित उत्पादकता पर टिकी हुई है। मॉर्गन स्टेनली के अनुसार, एआई 1990 के दशक जैसी तेजी का कारण बन सकता है, मुद्रास्फीति में कमी (यूके में फरवरी में 2.8 प्रतिशत) से ब्याज दरों में और कटौती की संभावना है, लेकिन अमेरिकी 10 वर्षीय बॉन्ड यील्ड 4.25 प्रतिशत बनी हुई है, जिससे उधारी महंगी हो रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों, विशेषकर यूरोप और चीन के टेक शेयरों में तेजी देखी गई है, जो वैश्विक विविधता की ओर निवेशकों के झुकाव को दर्शाता है। अमेरिका की टैरिफ नीतियाँ और शुल्क बाजार में अनिश्चितता बढ़ा रही हैं। जापान, रूस-यूक्रेन और इस्राइल-हमास संघर्षों का प्रत्यक्ष असर सीमित रहा है, लेकिन ऊर्जा कीमतें (65ङ्क90 डॉलर प्रति बैरल) अस्थिर बनी हुई हैं। 2025 में 60 से अधिक देशों में चुनाव, व्यापार और निवेश नीतियों को प्रभावित कर सकते हैं। टेक और ग्रीन एनर्जी में उपभोक्ता रुचि बढ़ रही है। वरिष्ठ जन स्वास्थ्य व सेवानिवृत्ति निवेश को बढ़ावा दे रहे है। सोशल मीडिया,एआई और ईएसजी जैसे ट्रेंड निवेशकों की भावना को तेज़ी से प्रभावित कर रहे हैं। IREDA के 26 मिलियन डॉलर के ग्रीन फंड और ‍रुके 62.7 बिलियन डॉलर के रक्षा सौदे सतत निवेश और सुरक्षा दोनों क्षेत्रों में विश्वास को दर्शाते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस ने टेक क्षेत्र में क्रांति ला दी है। ÷मैग्निफिसेंट सेवन÷ कंपनियाँ 2024 में 47 प्रतिशत तक बढ़ीं, जबकि एआई स्टार्टअप्स वेंचर कैपिटल डील्स का 27 प्रतिशत हिस्सा हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स और रोबो-सलाहकारों ने खुदरा निवेशकों की भागीदारी बढ़ाई है, जिससे बाजार की अस्थिरता भी तेज़ हुई है। ब्लॉकचेन निवेश के नए अवसर दे रहे हैं। प्राम्पट इंजीनियरिंग में रोजगार बढ़ा है। पर्यावरणीय और सामाजिक निवेश की मांग में तेजी आ रही है। डिजिटल ट्रेडिंग में अधिक खुदरा भागीदारी, लेकिन उच्च अस्थिरता दिख रही है। 2025 में शेयर बाजार का भविष्य मिश्रित है। यदि एआईऔर वैश्विक वृद्धि सकारात्मक रुख बनाए रखते हैं, तो बाजार में तेजी संभव है। लेकिन टैरिफ, चुनाव और भू-राजनीतिक तनाव जोखिम पैदा करते हैं। निवेशकों को दीर्घकालिक दृष्टिकोण, विविध पोर्टफोलियो और तकनीकी/ईएसजी रुझानों पर सतत निगरानी रखने की जरूरत है।

## शब्द सामर्थ्य -009

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | ■ | 3 | | 4 | 5 |
| | ■ | | ■ | ■ | ■ | ■ | 6 | |
| ■ | 7 | | 8 | ■ | 9 | | | |
| ■ | ■ | 10 | | 11 | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | ■ | ■ | 13 | | | ■ | 14 | 15 |
| 16 | 17 | ■ | ■ | | ■ | 18 | | |
| 19 | | 20 | | | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 21 | | | |
| ■ | 22 | | | | | ■ | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 008 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | ■ | स | पू | त |
| ल | ■ | ब | ल | वा | न | ■ | ■ | द |
| म | ह | क | ■ | खा | म | खां | ■ | बी |
| ग्न | ■ | त | ल | ना | ■ | स | फ | र |
| ■ | म | रा | ■ | ■ | ■ | ना | टा | ■ |
| ■ | हि | ■ | स | ■ | ■ | ■ | फ | न |
| ■ | ला | ज | वा | ब | ■ | म | ट | र |
| मां | ■ | ग | ■ | सं | त | ति | ■ | भ |
| ■ | मा | त | ह | त | ■ | ■ | प | क्षी |

## सू- दोकू क्र.009

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.008 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# राशिफल

**मेष**
आज पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी। माता की कृपा से पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा। परिवार में धार्मिक कार्यक्रम की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। आज आपके नए दोस्त बन सकते हैं। आपको उनसे बात करके अच्छा लगेगा। जीवनसाथी के साथ आप किसी धार्मिक स्थल पर जाएंगे। देवी मां को बेसन से बनी मिठाई का भोग लगाएं, आपका कॉन्फिडेंस बना रहेगा।

**वृषभ**
आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। कुछ दिनों से चल रही पारिवारिक समस्याएं समाप्त होंगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन फेवरेबल रहेगा। महिलाओं के लिए दिन शानदार रहेगा। बिजनेसमैन आज जरूरी मीटिंग अटेंड कर सकते हैं। आज किसी से लिए उधार से छुटकारा मिलेगा। मां कालरात्रि की कृपा से ऑफिस में सबके साथ सामंजस्य बिठाने में आप सफल रहेंगे। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। देवी मां को वस्त्र भेंट करें, सब लोग आपसे प्रसन्न रहेंगे।

**मिथुन**
आज का दिन उत्तम रहने वाला है। छात्रों के लिए आज का दिन करियर में नया बदलाव लाएगा। आज नवरात्र के सातवें दिन माँ कालरात्रि आपके परिवार में सुख-शांति बनाये रखेगी। आज बिजनेस में आपको बड़ा धन लाभ होगा। राइटर आज नई स्टोरी लिख सकते हैं, जिसे लोगों द्वारा खूब पसंद किया जाएगा। परिवार में नए सदस्य के जुड़ने से सभी लोग बहुत प्रसन्न होंगे। माँ कालरात्रि के मन्त्रों का जप करें, समस्याओं से मुक्ति मिलेगी।

**कर्क**
आज आपका दिन बेहतर रहने वाला है। अगर किसी बिजनेस ट्रिप के लिए आप बाहर जा रहे हैं, तो घर के बड़े-बुजुर्ग का आशीर्वाद लेकर जाएं, आपका काम सफल होगा। आज आपके जीवनसाथी को तरक्की का अच्छा अवसर मिलेगा। ट्रांसपोर्ट का बिज़नस कर रहे कारोबारियों को आज फायदा होगा। आज अपनी सेहत का खास ख्याल रखे। दुर्गा माँ को गुड़ से बनी चीजों का भोग लगायें, रुके हुए कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह**
आज आपका दिन खास रहने वाला है। आपका ध्यान काम को पूरा करने में लगा रहेगा। ऑफिस में किसी काम को लेकर विचार-विमर्श करना पड़ सकता है। शत्रुपक्ष आपकी योजनाओं से ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं। इस राशि के जो लोग अपना बिजनेस करते हैं, उन्हें मुनाफा मिलने की संभावना है। आज आप सोच-विचार में रहेंगे, लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जाएगा। माता को लाल चुनरी चढ़ाएं, विवाह में आ रही समस्याएं दूर होंगी।

**कन्या**
आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। आप परिवार वालों के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे, साथ ही जीवनसाथी के साथ आपकी लंबी बातचीत हो सकती है, इससे आपके रिश्ते बेहतर होंगे। दोस्तों के साथ घर पर ही मूवी देखने का प्लानिंग कर सकते हैं। आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी, जिससे आपको भविष्य में फायदा हो सकता है। किसी खास काम में आपको सफलता मिलेगी साथ ही साथ आपके मन में नए-नए विचार आएंगे। माता को लौंग अर्पित करें, पदोन्नति के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला**
आज आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा। लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है। साथ ही किसी अच्छे रेस्टोरेन्ट में लंच के लिए जाएंगे। किसी जिम्मेदारी को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए। आज आपकी सेहत ठीक-ठाक रहेगी। छात्रों के लिए आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। आप कम से कम समय में काम निपटाने की कोशिश करेंगे। दुर्गा मंदिर में फल अर्पित करें, आपको अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा।

**वृश्चिक**
आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज आप किसी बात को लेकर थोड़ा उलझन में रहेंगे, जिसे आप अपने किसी ख़ास मित्र से शेयर करेंगे। परिवार वालों के साथ बाहर मूवी का प्लान बन सकता है। दोस्त की बर्थडे पार्टी में जाएंगे जहां बाकी दोस्तों के साथ एंजॉय करने का मौका मिलेगा। आज नई स्किल सीख सकते है, जिसका लाभ आपको भविष्य में जरूर मिलेगा। दोस्तों की मदद से आपकी इच्छा पूरी होगी। मां दुर्गा को मिश्री का भोग लगाएं, घर में शांति का माहौल रहेगा।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आपका अच्छा व्यवहार समाज में अलग पहचान बनाने में मदद करेगा। घर पर फ्लोवर डेकोरेशन का काम करवा सकते हैं। कॉन्ट्रेक्टर्स के लिए आज का दिन धनलाभ देने वाला है। आज अपने डेली रूटीन में आप कुछ बदलाव कर सकते हैं। किसी काम को करने का नया तरीका बिजनेस में फायदा करायेगा। राजनीति में आपके अच्छे कार्यों की तारीफ होगी। मां दुर्गा को खोये का भोग लगाएं, जीवन में खुशियां बनी रहेंगी।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए आपको नए अवसर मिलेंगे। किसी को उधार दिया हुआ पैसा आज आपको अचानक वापस मिल सकता है। व्यापार में किसी व्यक्ति से फायदा मिलने की उम्मीद बढ़ेगी। भाई-बहनों से आपको पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। आज घर में कोई फंक्शन होने से आपके शेड्यूल में बदलाव आ सकता है। आज नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि को हाथ जोड़कर प्रणाम करें, आपके साथ सब अच्छा रहेगा।

**कुंभ**
आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन राहत भरा होगा नया शेड्यूल बनाने का विचार कर सकते हैं। आज ऑफिस में फोन का इस्तेमाल कम से कम करेंगे और अपने काम पर पूरा फोकस करेंगे। पैसों के मामलों में लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचना चाहिए। किसी को उधार पैसा देने में सोच-विचार करना बेहतर रहेगा। आज आपको खुद को साबित करने के कई मौके मिलेंगे। मां दुर्गा को इलायची अर्पित करें, कारोबार में बरकत होगी।

**मीन**
आज आपको अचानक नए स्रोतों से धन मिलेगा, जो आपके दिन को खुशनुमा बना देगा। सामाजिक कामों में आपकी रुचि बढ़ सकती है। आपको जीवनसाथी से काम में पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। व्यापार में साझेदारी से आपको लाभ हो सकता है। आप चीज़ों को बेहतर ढंग से समझने की कोशिश करेंगे। परिवार में सदस्यों के साथ रिश्ते में सुधार होगा, जिससे आपके रिश्तों में मधुरता बरकरार रहेगी। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा। माता का आशीर्वाद लें, तरक्की के नए रास्ते मिलेंगे।

# भाजपा स्थापना दिवस

# 45 साल-बेमिसाल

विष्णु दत्त शर्मा (भाजपा मध्यप्रदेश के अध्यक्ष एवं खजुराहो लोकसभा क्षेत्र से सांसद हैं।)



स्वाधीनता के बाद 1951 में जब पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, बलराज मधोक और दीनदयाल उपाध्याय ने जनसंघ बनाया था तबविरोधीउनकी हँसी उड़ाते थे कि ये क्या राजनीति करेंगे और जब 1980 में भाजपा की स्थापना हुई तो उनके ताने बढ़ते गये। उस दौर में अटल जी ने कहा था- अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा। आज भाजपा सारी चुनौतियों को ध्वस्त करके भारतीय राजनीति की धुरी बन चुकी है, केंद्र सहित डेढ़ दर्जन राज्यों में सरकार है औरसबसे पुरानी पार्टी का दावा करने वाले पारिवारिक गिरोह न केवल सत्ता को तरस रहे हैं बल्कि अपनी तथाकथित पारंपरिक सीटें भी गँवा बैठे हैं। अपनी 45 वीं वर्षगांठ मना रही भाजपा ने भारत की राजनीति में जो रास्ता चुना था, उस पर चलकरइसने सारी दुनिया को चकित किया है। पार्टी ने आज देश को भ्रष्टाचार, परिवारवाद, अपराधीकरण, जातिवाद, तुष्टिकरण, आतंकवाद जैसे घावों से मुक्ति दिलाईहै। साथ ही उन सभी मुद्दों को हल करके राजनीति में नया अध्याय लिख चुकी है, जिनकापार्टी ने अपनी स्थापना के समय संकल्प लिया था। कश्मीर में

**-भाजपाः लोकमंगल के संकल्प की एक अनुपम यात्रा**

**-भाजपाः असंभव को संभव करने का नाम**

धारा 370 की विदाई या श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण से लेकर वक्फ बोर्ड कानून में बदलाव तक के सभी संकल्प भाजपा ने पूरे किये हैं। अपनी कथनी और करनी से आज यह सर्वाधिक विश्वसनीय पार्टी बनी है तथाजिसकोकरोड़ों लोगों ने अपनाकर विश्व का सर्वोच्च दल बनाया है।

आज की पीढ़ी को यह जानना चाहिए कि 1980 के दशक का कालखंड भारतीय राजनीति का टर्निंग प्वाइंट था, जब भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई। देश के राष्ट्रवादी समूहों ने एक सपना देखा था, जिसमें भारतीय गौरव की पुनर्स्थापना, भारत के आध्यात्मिक उत्कर्ष, सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय एकता के विचार-बीज थे। आज वे बीज फलदार बृक्ष हो चुके हैं। 45 साल में वे सारे सपने साकार हो चुके हैं। राजनीतिक क्षेत्र में यह आश्चर्य का विषय हो गया है कि कैसे एक पार्टी 2 सीटोंसे अपनी यात्रा शुरू करते हुए सबसे बड़े लोकतंत्र की सबसे बड़ी पार्टी बनकर आज राजनीति के प्रतिमान बदल रही है। पार्टी विद डिफरेंस के नारे को मूर्त रूप देकर कार्यकर्ताओं ने सारी दुनिया को सियासत का अनूठा स्वरूप दिखाया है।




हालांकि भाजपा का गठन 6 अप्रैल, 1980 को हुआ, परन्तु इसका अतीत भारतीय जनसंघ से जुड़ा है। स्वतंत्रता प्राप्ति तथा देश विभाजन के बादबढ़ते अल्पसंख्यक तुष्टिकरण, लाइसेंस-परमिट-कोटा राज, राष्ट्रीय असुरक्षा, राष्ट्रीय मसलों जैसे कश्मीर आदि पर घुटनाटेक नीति, अंतर्राष्ट्रीय मामलों में भारतीय हितों की अनदेखी आदि अनेक मुद्दों के गर्भ से जनसंघ का जन्म हुआ था। आपातकाल के बाद भाजपा की स्थापना सुदृढ़, सशक्त, समृद्धएवं स्वावलम्बी भारत के निर्माण हेतु की गई थी, जिसमें पार्टी ने एक ऐसे राष्ट्र की कल्पना की जो आधुनिक दृष्टिकोण से युक्त एक प्रगतिशील एवं प्रबुद्ध समाज का प्रतिनिधित्व करता हो तथा भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति के मूल्यों से प्रेरणा लेकर'विश्व गुरू' के रूप में विश्व पटल पर स्थापित हो। साथ ही संविधान सम्मत सभी नागरिकों को राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक न्याय, समान अवसर सुनिश्चित हो।पं. दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित 'एकात्म-मानवदर्शन' को अपना वैचारिक दर्शन मानते हुए भाजपा ने अंत्योदय, सुशासन, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, विकास एवं सुरक्षा के संकल्प पर चलते हुए 45 सालकी अनुपम यात्रा पूरी की है। इस यात्रा में दीनदयाल जी के अंत्योदय से लेकर मोदी जी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास जैसा अद्वितीय संकल्प पूर्ण हुए हैं।

भाजपा के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के अन्तर्गत गरीबी मिटाना केवल नारा नहीं, उसका संकल्प था। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण कोई भाषण नहीं, प्रतिबद्धता थी। कश्मीर में 370 की समाप्ति चुनावी जुमला नहीं, राष्ट्रीय एकात्मताका साक्षात संकल्प था। अन्त्योदय स्लोगन नहीं, यह गरीबों का जीवन स्तर उठाने का प्रण था, जिसे पार्टी का हर कार्यकर्ता 1980 से लेकर अब तक पूर्ण करने में सक्रिय हैं। अटल जी की सरकार द्वारा विपरीत परिस्थितियों में परमाणु परीक्षण हो, कारगिल विजय हो या नरेंद्र मोदी जी द्वारा कश्मीर में 370 की समाप्ति हो, श्रीराम मंदिर निर्माण हो या वक्फ बोर्ड कानून में बदलाव हो, ये भाजपा की राजनीति में वे मील पत्थर हैं, जो संकल्प से सिद्धि का मंत्र बनकर पीढियों को प्रेरित करते रहेंगे। आज स्थापना दिवस के प्रसंग में भाजपा के उत्कर्ष में अमूल्य योगदान देने वाले नेतृत्व की चर्चा जरूरी है। अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर नरेंद्र मोदी तक पार्टी नेताओं ने संकल्प और साहस का नया इतिहास रचा है। भारत को परमाणु शक्ति बनाने से लेकर चंद्रयान-मंगलयान की यात्रा तक की उपलब्धि चुनावी राजनीति से अलग एक अदम्य साहस और देशभक्त नेतृत्व का प्रमाण है।2014 से लेकर 2025 तक गरीबों के मसीहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश ने अपने सभी संकल्पों को एक-एक करके पूर्ण करते हुए भारत को सशक्तबनाया है।आज भारत के लगभग सभी तीर्थ केंद्र विकास का नया प्रतिमान गढ़ रहे हैं। निरंतर उपेक्षा का दंश झेल रहे हमारे प्राचीन आध्यात्मिक केंद्रोंका गौरव भी पुनर्स्थापित हुआ है। यही नहीं, भाजपा ने अपने वैचारिक आचरण से देश की राजनीतिक संस्कृति को भी बदला है।एक ओर जहां परिवारवादी, तुष्टिकरण और जातिवादी राजनीति का दौर समाप्त हो गया, वहीं अब धर्म-संस्कृति की बात करना सांप्रदायिक होना नहीं है। राष्ट्रवाद की चर्चा अब संकुचित मानसिकता का परिचायक नहीं है। सरकार की ओर से देवालयों का विकास करना, अब ध्रुवीकरण नहीं है। भारतीयता की बात करना और मातृभाषा में काम करना अब पिछड़ापन नहीं है। हिन्दुत्व का विचार अब सर्वग्राही बन गया है। अपनी प्रखर व प्रतिबद्ध कार्यशैली से भाजपा ने देश के राजनीतिक विमर्श को परिवर्तित करने में ऐतिहासिक सफलता पायी है। इस पड़ाव पर भाजपा अपनी पंचनिष्ठाओं की नींव पर न केवल गर्व सेस्वयं खड़ी है बल्कि उसके सहयोगी दल भी उसके साथ कंधा मिलाकर खड़े हैं। अभी-अभी वक्फ बोर्ड कानून संशोधन मामले में सारी दुनिया ने देखा है। राज्य भाजपा इकाई का अध्यक्ष होने के नाते अपने अनुभव से कह सकता हूं कि विजन, संगठन, नेतृत्व और कार्यकर्ता- इन चारों अंगों के कारण भाजपा कैडर आधारित पार्टीबनी है। अटल जी, लालकृष्ण आडवानी जी, नरेंद्र मोदी जी, अमित शाह जी और जय प्रकाश नड्डा तक पार्टी का नेतृत्व करने वाले अनेक लोग इसी कैडर की गंगोत्री से निकले हैं। आज नरेंद्र मोदी के चमत्कारिक नेतृत्व ने भाजपा के विजन और संगठन का अतुल्य विस्तार किया है तो पार्टी की विकास-यात्रा में गृह मंत्री अमित शाह का योगदान भी स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो चुका है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर उनके कुशल नेतृत्व में पार्टी ने असंभव को संभव किया है और आज पूर्वोत्तर भारत में भी भाजपा की सरकारें हैं, तो उसके पीछे अमित शाह जी का परिश्रम और संकल्प ही है। उनके नेतृत्व में पार्टी को विश्व का सबसे बड़ा दल बनने का गौरव भी मिला है। इस प्रसंग में यह भी कहना चाहिए कि गृह मंत्री अमित शाह ने न केवल पार्टी को शिखर पर पहुंचाया है, अपितु कश्मीर को 370 से मुक्त कराकर, नागरिकता कानून व वक्फ कानून में संशोधन कराकर देश की राष्ट्रीय अखंडता का आदर्श प्रतिमान गढ़ा है।

लगातार सत्ता में रहने के बावजूद विगत मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र मोदी और अमित शाह के चमत्कारिक नेतृत्व में पार्टी को प्रचंड बहुमत दिलाया।

# उप मुख्यमंत्री ने पूर्व मंत्री के पिता को दी श्रद्धांजलि





**रीवा,कासं.।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मैहर जिले में एक दिवसीय प्रवास के दौरान अमरपाटन पहुंचकर पूर्व राज्यमंत्री श्री रामखेलावन पटेल के पिता स्वर्गीय भैयालाल पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की। उप मुख्यमंत्री ने पूर्व मंत्री श्री पटेल तथा परिजनों को सांत्वना दी। उप मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने तथा परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री श्री पटेल के परिवारजन सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हितग्राहियों की ई केवाईसी में लापरवाही बरतने वाले 24 सेल्समैनों पर हुई कार्रवाई

**रीवा,कासं.।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देशानुसार जिले मे उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान प्राप्त करने वाले समस्त हितग्राहियो का उचित मुल्य दुकानों के विक्रेता द्वारा पीओएस मशीन से ईकेवाईसी किया जा रहा है। जिले में राशन कार्डधारी परिवारों की कुल सदस्य संख्या 12 लाख 59 हजार 868 है। इनमें से अब तक 904016 सदस्यों की ईकेवाईसी पूर्ण की गई है। यह शेष पात्र सदस्यो की ईकेवाईसी पूर्ण किए जाने के लिए 15 अप्रैल की समय-सीमा तय की गई है। समीक्षा करने पर पाया गया कि सबसे कम प्रगति अनुभाग मनगंवा अंतर्गत दुकानों में है। ई केवाईसी करने में लापरवाही बरतने वाले उचित मूल्य दुकान के 24 सेल्समैनों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। उचित मूल्य दुकान बेलवा कुर्मियान मे मात्र 42.7 प्रतिशत, सहेवा मे 54.0 प्रतिशत, मढीखुर्द 49.6 प्रतिशत, मौहरिया मे 48.1.1 प्रतिशत, उचित मूल्य दुकान बडोखर मे 44.5 प्रतिशत तथा उचित मूल्य दुकान बेलवा बडगैयान 55.8 प्रतिशत राशन कार्डधारियों की ईकेवाईसी की गई है। कम प्रगति के कारण इन सभी उचित मूल्य दुकानों पर जुर्माना लगाकर प्रतिभूति की समस्त राशि शासन हित मे राजसात की गयी है। साथ ही इन दुकानों के विक्रेताओं को पृथक करने का नोटिस दिया गया है। इस संबंध में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि गुढ तहसील में 14 उचित मूल्य दुकानों तथा मंनगवा अनुभाग अंतर्गत 10 दुकानों के सेल्समैनों को नोटिस जारी किया गया है। उचित मूल्य दुकान ऐतला, रायपुर, रौरा, देवरा फरेंदा, टाटिहरा, मनिकवार 2, मनिकवार, सुरसाकला, पलिया-351 दुकानों द्वारा 50 प्रतिशत से कम ईकेवाईसी प्रगति पर प्रतिभूति राशि राजसात की गई है। इन दुकानों के विक्रेताओं को भी पद से पृथक करने की चेतावनी दी गयी है।

## ज्ञानोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन 21 अप्रैल तक

**रीवा,कासं.।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय रीवा में शिक्षा सत्र 2024-25 में कक्षा 7वीं, 8वीं और 9वीं में प्रवेश के लिए 21 अप्रैल को शाम 4 बजे तक आवेदन किया जा सकता है। स्कूल में अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए कक्षा 7वीं में बालकों के लिए 12 तथा बालिकाओं के लिए 10, कक्षा 8वीं में बालकों के लिए 4 तथा बालिकाओं के लिए 16 एवं कक्षा 9वीं में बालकों के लिए 3 तथा बालिकाओं के लिए एक स्थान रिक्त है। सामान्य श्रेणी के बीपीएल परिवार, अन्य पिछड़ावर्ग एवं अनुसूचित जनजाति के लिए कक्षा 7वीं में बालकों के लिए 2 तथा बालिकाओं के लिए 4, कक्षा 8वीं में बालक के लिए एक एवं बालिकाओं के लिए 2 एवं कक्षा 9वीं में केवल बालिकाओं के लिए 4 स्थान रिक्त हैं। रिक्त स्थानों में परिवर्तन हो सकता है। इस संबंध में प्राचार्य ने बताया कि आवेदन 21 अप्रैल को शाम 4 बजे तक कार्यालय में जमा होना अनिवार्य है। इसकी प्रवेश परीक्षा 23 अप्रैल को सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक ज्ञानोदय विद्यालय में आयोजित की जाएगी।

## समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए पंजीयन 9 अप्रैल तक

**रीवा,कासं.।** किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य देने के लिए शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीद की जाती है। समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए किसानों के पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई थी, जिसे अब बढ़ाकर 9 अप्रैल कर दिया गया है। किसान अब समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए 9 अप्रैल तक पंजीयन करा सकते हैं। किसान एमपी किसान एप, ई-उपार्जन पोर्टल तथा ई-उपार्जन मोबाइल एप पर अपना पंजीयन करा सकते हैं। शासन द्वारा वर्तमान वर्ष के लिए गेंहू का समर्थन मूल्य 2425 रूपये तथा सरकार द्वारा घोषित 175 रुपए प्रति क्विंटल बोनस के साथ किसानों से 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेंहू का उपार्जन होगा।

इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि रीवा जिले में गेंहू उपार्जन के लिए खरीदी केन्द्र निर्धारित कर दिए गए हैं। किसान इन खरीदी केन्द्रों में गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन करा सकते हैं।

# दिल्ली के लाल किले पर होगा 3 दिवसीय विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## 2000 साल पहले सम्राट विक्रमादित्य ने की थी गणतंत्र की स्थापना

## विक्रमादित्य की दानशीलता, वीरता और प्रजा के प्रति अद्भुत थी संवेदनशीलता



**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अतीत के गौरवशाली इतिहास को जन सामान्य के सामने लाने के लिये 2 हजार वर्ष पहले सम्राट विक्रमादित्य द्वारा सुशासन के सिद्धांतों पर स्थापित शासन संचालन व्यवस्था और उनकी कीर्ति पर केन्द्रित महानाट्य की प्रस्तुति दिल्ली के लाल किले पर 12-13-14 अप्रैल को होने जा रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का ध्येय वाक्य %विरासत से विकास की ओर% हमारे लिए एक पाथेय की तरह सिद्ध हो रहा है। हम विकास कार्यों में विरासत को महत्वपूर्ण स्थान दे रहे हैं। मध्यप्रदेश सरकार सुशासन को ध्यान में रखते हुए विकास और जनकल्याण की सभी गतिविधियां संचालित कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को नई दिल्ली में विक्रमोत्सव अंतर्गत सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य के महामंचन के संबंध में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य के विराट व्यक्तित्व को सबके सामने लाने के लिए महानाट्य की कल्पना की गई है। उन्होंने कहा कि जब इसका मंचन दिल्ली में 12, 13 और 14 अप्रैल को लाल किले पर होगा तो इसमें हाथी, घोड़ों, पालकी के साथ 250 से ज्यादा कलाकार अभिनय करते नजर आएंगे। महानाट्य में शामिल कलाकार निजी जीवन में अलग-अलग क्षेत्र के प्रोफेशनल्स हैं। महानाट्य में वीर रस समेत सभी रस देखने को मिलेंगे। महानाट्य का मंचन गौरवशाली इतिहास को विश्व के सामने लाने का मध्यप्रदेश सरकार का एक अभिनव प्रयास है। इस कालजयी रचना को सबके सामने रखने में दिल्ली सरकार का भी सहयोग मिल रहा है। इससे पहले हैदराबाद में भी विक्रमादित्य महानाट्य की प्रस्तुति हो चुकी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य का शासन काल, सुशासन व्यवस्था का एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करता है। वे एकमात्र ऐसे शासक थे, जिनके जीवन के विविध प्रसंगों से आज भी लोग प्रेरणा लेते हैं।

उनके द्वारा किए गए कार्य और नवाचार आज भी प्रासंगिक हैं। वर्तमान में हिजरी और विक्रम संवत प्रचलन में हैं। इसमें विक्रम संवत उदार परंपरा को लेकर चलने वाला संवत है, अर्थात संवत चलाने वाले के लिए शर्त है कि जिसके पास पूरी प्रजा का कर्ज चुकाने का सामर्थ्य हो, वही संवत प्रारंभ कर सकता है। सम्राट विक्रमादित्य ने अपने सुशासन, व्यापार-व्यवसाय को प्रोत्साहन और दूरदृष्टि से यह संभव किया विक्रमादित्य ने विदेशी शक आक्रांताओं को पराजित कर विक्रम सम्वत् का प्रारंभ 57 ईस्वी पूर्व में किया था। विक्रम संवत के 60 अलग-अलग प्रकार के नाम हैं। संवत 2082 को धार्मिक अनुष्ठानों के संकल्प में ÷सिद्धार्थ÷ नाम दिया गया है। ये 60 नाम चक्रीकरण में बदलते रहते है। विक्रमादित्य का न्याय देश और दुनिया में प्रचारित हुआ। यह सम्वत् भारतीय इतिहास का एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक आधार वाला कालगणना सम्वत् बन गया, जो आज भी प्रचलित है।

भारत वर्ष में उज्जयिनी के सार्वभौम सम्राट विक्रमादित्य युग परिवर्तन और नवजागरण की एक महत्वपूर्ण धुरी रहे हैं और उनके द्वारा प्रवर्तित विक्रम सम्वत् हमारी एक अत्यंत मूल्यवान धरोहर है। विक्रम सम्वत् हिंदू समाज का महज एक पर्व या नववर्ष भर नहीं है। विक्रम सम्वत् तथा सम्राट विक्रमादित्य भारतवर्ष के गौरव को, मनोबल को और राष्ट की चेतना को जागृत करने का एक उपयुक्त अवसर है। यह पुरातन परंपरा से शक्ति प्राप्त कर भारत को विश्वगुरु के रूप में प्रतिष्ठित करने का एक राष्ट्रव्यापी अभियान है। हमारे प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा है कि ÷यही समय है, सही समय है...÷ विश्व में भारत का समय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम जानते हैं कि विदेशी आक्रांताओं और उपनिवेशवादी इतिहासकारों ने भारत गौरव तथा ज्ञान संपदा के प्रमाणों, साक्ष्यों, स्थापत्यों के सुनियोजित विनाश का अभियान चलाया। उनके द्वारा हमारी संपदा का विध्वंस किये जाने के प्रमाण लगातार मिलते रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पहली बार सम्राट विक्रमादित्य की शासन व्यवस्था में ही नवरत्नों का समूह देखने को मिलता है। इन नवरत्नों में सभी अलग-अलग विषयों के विशेषज्ञ थे। उन्होंने सुशासन की व्यवस्था स्थापित की। नवरत्न सभी परिस्थितियों में सुचारू शासन संचालन में सक्षम थे। इसी क्रम में 300 साल पहले शिवाजी महाराज के अष्ट प्रधान की पद्धति में यही व्यवस्था दिखाई देती है। विक्रमादित्य उज्जैन के सार्वभौम सम्राट के रूप में लोक विख्यात हैं।

आज विक्रमादित्य के अनेक पुरातत्वीय प्रमाण, लेख, मुद्रा अवशेष प्राप्त हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य की दानशीलता, वीरता और प्रजा के प्रति संवेदनशीलता अद्भुत थी। विक्रम-बेताल पच्चीसी और सिंहासन बत्तीसी की कहानियों में इस प्रकार के कई प्रसंग आते हैं। सम्राट विक्रमादित्य के आदर्शों का सभी शासक अनुसरण करना चाहते थे।



## संक्षिप्त समाचार

### शेयर बाजार धड़ाम, सेंसेक्स 930 अंक गिरा; निवेशकों के 10 लाख करोड़ रुपए स्वाहा

**मुंबई ,एजेंसी।** भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबार सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा बिकवाली देखने को मिली। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 930 अंक या 1.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,364 और निफ्टी 345 अंक या 1.49 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 22,904 पर था। इसके चलते शेयर बाजार में आज निवेशकों के करीब 10 लाख करोड़ रुपये डूब गए। गिरावट का असर लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप पर अधिक दिखा। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,516 अंक या 2.91 प्रतिशत की गिरावट के साथ 50,645 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 579 अंक या 3.57 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 15,675 पर था। सेक्टोरल आधार पर ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फार्मा, मेटल, एनर्जी, इन्फ्रा और कमोडिटी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। केवल फाइनेंशियल सर्विसेज और एफएमसीजी इंडेक्स ही हरे निशान में बंद हुए हैं। सेंसेक्स पैक में बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, नेस्ले, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स और आईटीसी टॉप गेनर्स थे। टाटा स्टील , टाटा मोटर्स, एलएंडटी, इंडसइंड बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक महिंद्रा, सन फार्मा और एचसीएल टेक टॉप लूजर्स थे। जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के रिसर्च हेड, विनोद नायर ने कहा कि हाल ही में अमेरिका द्वारा अनुमान से अधिक टैरिफ लागू किए जाने का वैश्विक बाजारों पर काफी असर हुआ है और निवेशक इससे हुए नुकसान की स्थिति का आकलन कर रहे हैं। अमेरिका के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की संभावना ने अनिश्चितता को और बढ़ा दिया है। इससे अमेरिकी बॉन्ड यील्ड और कच्चे तेल की कीमतों में कमी आई है, जो संभावित आर्थिक मंदी और मंदी के बढ़ते जोखिम को लेकर चिंताओं को दर्शाता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से रेसिप्रोकल टैरिफ के बाद यूएस के बाजारों में गुरुवार को भारी बिकवाली हुई। डाओ करीब 4 प्रतिशत और टेक्नोलॉजी इंडेक्स नैस्डैक करीब 6 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 3 अप्रैल को लगातार चौथे सत्र में अपनी बिकवाली का सिलसिला जारी रखा और 2,806 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। इसके विपरीत, घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) लगातार पांचवें दिन शुद्ध खरीदार बने रहे और उन्होंने 221.47 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

### मंदी की आहट ! कोरोना काल के बाद सबसे बुरे दौर में अमेरिका का बाजार, इतने प्रतिशत आई गिरावट

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ के कारण अमेरिकी शेयर बाजार में 5 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। निवेशकों में वैश्विक आर्थिक मंदी की आशंका बढ़ गई, जिसके कारण डॉव जोन्स, एस एंड पी 500 (स्र्क्र500) और नास्डैक जैसी प्रमुख सूचकांकों में भारी नुकसान हुआ। डॉव जोन्स सूचकांक में 5.50 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई, जो इसकी एक बड़ी गिरावट में से एक थी। स्र्क्र500 में करीब 6 प्रतिशत की कमी आई, जबकि नास्डैक ने 5.73 प्रतिशत का नुकसान देखा। बैंकिंग और मार्केट एक्सपर्ट अजय बग्गा के मुताबिक, ट्रंप के शपथ ग्रहण के बाद से अमेरिकी बाजारों ने 9 ट्रिलियन डॉलर का मार्केट कैप खो दिया है। आस्क प्राइवेट वेल्थ की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि ये शुल्क अमेरिका की अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता को बढ़ा सकते हैं और संभवतः अमेरिका में स्टैगफ्लेशन (मंदी के बीच महंगाई) की स्थिति पैदा कर सकते हैं। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई कि यह कदम व्यापार बाधाओं को 1800 के दशक के स्तर तक पहुंचा सकता है। ट्रंप के प्रतिकूल शुल्कों का प्रभाव दुनियाभर के बाजारों पर पड़ा। ब्रिटेन का स्नङ्कस्श्व 100 इंडेक्स 4.95 प्रतिशत गिरा, जबकि जर्मनी का ष्ठ्ठङ्ग परफॉर्मेंस इंडेक्स भी 4.95 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। भारत के शेयर बाजार भी इस प्रभाव से बच नहीं पाए और सेंसेक्स तथा निफ्टी में गिरावट आई। भारत में सेंसेक्स 75,364.69 अंक पर बंद हुआ, जो 930.67 अंक यानी 1.22 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है।

# डेरिल मिशेल ने रचा इतिहास, वनडे क्रिकेट में हासिल की बड़ी उपलब्धि




**माउंट माउंगानुई,एजेंसी।** न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज डेरिल मिशेल ने शनिवार को इतिहास की किताबों में अपना नाम दर्ज करा लिया. वह न्यूजीलैंड के सबसे तेज 2000 वनडे रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं. उन्होंने शनिवार को पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे वनडे में 43 रन की पारी खेलकर यह उपलब्धि हासिल की. मिशेल ने महज 47 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की. उन्होंने एंड्रयू जोन्स के 52 पारियों में यह उपलब्धि हासिल करने के रिकॉर्ड को तोड़ा.

इसके अलावा, मिशेल सबसे तेज 2000 वनडे रन बनाने वाले दुनिया के 8वें बल्लेबाज बन गए हैं. वह इंग्लैंड के जोनाथन ट्रॉट और वेस्टइंडीज के शाई होप के साथ इस मुकाम पर हैं. इन दोनों ने भी 47 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी. बता दें कि, भारत के उपकप्तान शुभमन गिल सबसे तेज 2000 वनडे रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं. उन्होंने महज 38 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी.

मिशेल ने पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे वनडे में फहीम अशरफ का सामना करते हुए 20वें ओवर की पहली गेंद पर अपनी पारी का दूसरा रन बनाते हुए यह उपलब्धि हासिल की. उन्होंने गेंद को मिडिल और लेग के आसपास मिड-ऑन की ओर मारा और एक रन लिया. मिचेल ने अब तक 47 पारियों में 48.59 की औसत से 2041 रन बनाए हैं.

न्यूजीलैंड ने बारिश से प्रभावित तीसरे वनडे में पाकिस्तान के खिलाफ पहले बल्लेबाजी की. मैच को 42 ओवर का कर दिया गया और मेजबान टीम ने कुल (264/8) का स्कोर बनाया. राइस मारियू और माइकल ब्रेसवेल ने अर्धशतक बनाए और अपनी टीम की 250 से अधिक का स्कोर बनाने में मदद की. पाकिस्तान की ओर से आकिफ जावेद ने 4 विकेट लिए.

बता दें कि, न्यूजीलैंड ने सीरीज के पहले दो वनडे जीते हैं और 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त ले ली है. मेजबान टीम क्लीन स्वीप करने का लक्ष्य बना रही है, जबकि पाकिस्तान की नजरें दौरे के अंतिम मैच को जीतकर अपनी लाज बचाने पर है. इससे पहले, न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को टी-20 सीरीज में 4-1 से हराया था।

# लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत पर लगा भारी भरकम जुर्माना, दिग्वेश राठी को भी बीसीसीआई ने दी सजा




**लखनऊ ,एजेंसी।** लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत पर शुक्रवार को भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम, लखनऊ में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 16वें इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान स्लो ओवर रेट बनाए रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है. टीम ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच 12 रनों से जीता, लेकिन कप्तान पर जुर्माना लगाया गया, और स्पिनर दिग्वेश राठी को भी टूर्नामेंट का दूसरा डिमेरिट पॉइंट मिला.

लखनऊ के कप्तान पंत पर जुर्माना लगाया गया क्योंकि यह इस सीजन में टीम का पहला अपराध था. दिग्वेश पर आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए उनकी मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है.

आईपीएल गवर्निंग काउंसिल की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया, लखनऊ सुपर जायंट्स के गेंदबाज दिग्वेश सिंह पर शुक्रवार को भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम, लखनऊ में मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है.

इसमें आगे कहा गया है, यह इस सीजन में अनुच्छेद 2.5 के तहत उनका दूसरा लेवल 1 अपराध था और इसलिए, उन्होंने दो डिमेरिट पॉइंट जमा किए हैं, इसके अलावा एक डिमेरिट पॉइंट जो उन्होंने 01 अप्रैल, 2025 को पंजाब किंग्स के खिलाफ एलएसजी के मैच के दौरान जमा किया था. आचार संहिता के लेवल 1 उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का फैसला अंतिम और बाध्यकारी है.

एमआई के खिलाफ मैच में, मिशेल मार्श और एडेन मार्करम ने अर्धशतक बनाए और टीम को (203/8) का कुल स्कोर बनाने में मदद की. इसके बाद शार्दुल ठाकुर, आकाश दीप, आवेश खान और दिग्वेश राठी ने 1-1 विकेट लेकर अपनी टीम को रोमांचक जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

# तिलक वर्मा को क्यों किया गया रिटायर्ड आउट? कप्तान हार्दिक और कोच जयवर्धने ने किया बड़ा खुलासा



**लखनऊ ,एजेंसी।** मुंबई इंडियंस के बाएं हाथ के स्टार बल्लेबाज तिलक वर्मा ने इंडियन प्रीमियर लीग में एक अनूठी उपलब्धि हासिल की और वह रिटायर्ड आउट होने वाले चौथे खिलाड़ी बन गए. शुक्रवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ अपनी टीम के मैच में वे 7 गेंद शेष रहते मैदान से बाहर चले गए. 204 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंपैक्ट प्लेयर के रूप में आने के बाद उन्होंने 23 गेंदों पर 25 रनों की पारी खेली. आर अश्विन, अथर्व तायडे और साई सुदर्शन आईपीएल इतिहास में रिटायर्ड होने वाले अन्य खिलाड़ी हैं। तिलक ने तब मैदान छोड़ा, जब एमआई को 7 गेंदों पर 24 रनों की जरूरत थी और उनके पास 5 विकेट बचे थे. हालांकि, वे अंत में फिनिश लाइन पार करने में नाकाम रहे और 12 रन से मैच हार गए। इस घटनाक्रम के बाद एमआई के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने कहा कि तिलक को वापस पवेलियन बुलाना टीम का एक रणनीतिक फैसला था. जयवर्धने ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, वह बस खेलना चाहता था, लेकिन वह नहीं खेल सका. (हमने) आखिरी कुछ ओवरों तक इंतजार किया, उम्मीद करते हुए कि (वह अपनी लय हासिल कर लेगा), क्योंकि उसने वहां कुछ समय बिताया था, इसलिए उसे खत्म करने में सक्षम होना चाहिए था,

लेकिन मुझे लगा कि अंत में, मुझे बस किसी नए खिलाड़ी की जरूरत थी क्योंकि वह संघर्ष कर रहा था. उन्होंने कहा, क्रिकेट में ऐसी चीजें होती हैं. उसे आउट करना अच्छा नहीं था, लेकिन मुझे ऐसा करना पड़ा, उस समय यह एक रणनीतिक फैसला था। बता दें कि, तिलक उस समय क्रीज पर आए जब एमआई का स्कोर 8.1 ओवर के बाद (86/3) था, उन्होंने सूर्यकुमार यादव के साथ चौथे विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी की. सूर्यकुमार ने इस पार्टनरशिप में 46 रन का योगदान दिया, लेकिन तिलक ने 17 रन बनाकर संघर्ष करते हुए नजर आए. सूर्यकुमार के आउट होने के बाद, स्र्ड्ड को अंतिम 23 गेंदों पर 52 रन चाहिए थे. बाएं हाथ के बल्लेबाज ने मैदान से बाहर जाने से पहले अपनी अंतिम 5 गेंदों पर सिर्फ 8 रन बनाए। इसे लेकर मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने भी कहा कि उन्हें इसलिए बाहर किया गया क्योंकि तिलक बड़े शॉट नहीं खेल पा रहे थे. हार्दिक ने प्रसारकों से कहास, मुझे लगता है कि यह स्पष्ट था. हमें कुछ हिट की जरूरत थी, और वह (उन्हें पाने में सक्षम नहीं थे) कभी-कभी क्रिकेट में, ऐसा दिन आता है जब आप वास्तव में कोशिश करना चाहते हैं, लेकिन ऐसा नहीं होता है, लेकिन फैसला खुद ही बोलता है कि हमने ऐसा क्यों किया।

# डीएम, एसपी ने तहसील तालबेहट में सुनी जनसमस्याएं, मौके पर कराया निस्तारण

## अधिकारियों को पूर्ण गंभीरता के साथ शिकायतों का निस्तारण कराने के दिये निर्देश

**ललितपुर।** आज माह के प्रथम शनिवार को तहसील तालबेहट में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया, जहां जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने दूरदराज से आये फरियादियों की समस्याओं को सुना और मौके पर ही उपस्थित सम्बंधित विभागीय अधिकारियों से निस्तारण कराया। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही शिकायत निस्तारण का पैमाना माना जाए, इसलिए सम्बंधित अधिकारी मौके पर जाकर शिकायतकर्ता की उपस्थिति में समस्याओं को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिये कि कोई भी शिकायत निर्धारित समय से अधिक लम्बित नहीं रहनी चाहिए, यदि ऐसा हुआ तो सम्बंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। इसलिए पूरी गंभीरता एवं तत्परता के साथ शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करायें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन में तहसील तालबेहट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 109 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 25, पुलिस के 14, विकास के 08, विद्युत के 06, पूर्ति के 32 तथा अन्य विभागों के 24 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 14 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील ललितपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 42 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 12, पुलिस के 06, विद्युत के 03 तथा अन्य विभागों के 21 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 04 प्रकरण का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील महरौनी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 35 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 14, पुलिस विभाग के 05, विकास के 02, पूर्ति के 06, विद्युत का 01, चकबंदी के 02, नगर पंचायत के 02 तथा अन्य 03 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 05 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील मड़ावरा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 16 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 07, विकास के 03, पुलिस के 03, सिचांई के 02, चिकित्सा का 01 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 02 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील पाली में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 19 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 11, पुलिस का 01, चकबंदी केक 03, विद्युत के 02 तथा अन्य विभागों के 02 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 03 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक, मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पाण्डेय, उप जिलाधिकारी तालबेहट भूपेन्द्र सिंह, डीसी मनरेगा, जिला विकास अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी सहित अन्य जनपदस्तरीय व तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



# बियर मॉडल शॉप के अनुज्ञापी व उसके कर्मियों पर तोडफ़ोड़ का आरोप

## सेवानिवृत्त सरकारी कर्मी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में दिया शिकायती पत्र



**ललितपुर।** स्टेशन स्थित बियर मॉडल शॉप दुकान लाइसेंस 2025-26 प्रो.घनश्यामदास पर दुकान की आड़ में मकान की तोडफ़ोड़ करने का आरोप लगाते हुये सिविल लाइन निवासी शिवशंकर पुत्र कलू ने एक शिकायती पत्र सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित होकर उप जिलाधिकारी सदर चन्द्रभूषण प्रताप को सौंपा है।

शिकायती पत्र में पीड़ित शिवशंकर ने बताया कि उसका मकान नं. 798 जो कि भूमि संख्या 1740 स्टेशन रोड पर है। बताया कि मकान भूतल व प्रथम तल का बना हुआ है, जो कि वार्ड सं. 17 में आता है। बताया कि अनुज्ञापी घनश्यामदास व उसके कर्मचारियों ने शुक्रवार को अपराह्न करीब डेढ़ बजे उसके मकान की तोडफ़ोड़ करते हुये बाउण्ड्री तोड़ दी और उसमें लगे पेड़ भी काट दिये। इतना ही नहीं बिजली की फिटिंग भी तोड़ दी, जिसकी वीडियोग्राफी उसके पास सुरक्षित है। बताया कि अनुज्ञापी व उसके कर्मचारियों द्वारा मकान खाली कर भागने एवं जबरन मकान विक्रय करने का अनुचित दबाव बनाया जा रहा है, जिससे दहशत का माहौल व्याप्त हो रहा है। पीड़ित ने बताया कि इसी दहशत के चलते उसने डायल 112 पर फोन कर शिकायत की, जिस पर नई बस्ती चौकी पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन शराब के ठेकेदार को नहीं रोका। बताया कि उक्त लोगों ने उसे जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये गालियां दीं। इस घटना को उसकी पत्नी वंदना व पुत्र तरूण के अलावा पुत्री सुरभि ने देखा और वीडियो रिकॉर्डिंग कर ली। पीड़ित ने बताया कि वह सेवानिवृत्त कर्मचारी सीनियर सिटीजन है और उसके परिवार को जानमाल का खतरा बना हुआ है। पीड़ित ने जिला प्रशासन से उक्त अनुज्ञापी और उसके कर्मचारियों के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही किये जाने के अलावा मकान को पहुंचायी गयी क्षति का एक लाख रुपया दिलाये जाने के साथ ही अनुज्ञा पत्र निरस्त करने की मांग उठायी है।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रैक्टर से घर लौट रहे पिता-पुत्र से मारपीट

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा अंतर्गत ग्राम छपरौनी में रहने वाले थनू पुत्र छिन्गे अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते शुक्रवार को रात करीब 8 बजे वह अपने पुत्र पवन के साथ ट्रैक्टर संख्या यू.पी.94 ए.सी. 1591 पर सवार होकर मड़ावरा से अपने गांव छपरौनी जा रहे थे। बताया कि जब वह गिरार तिराहा पर पहुंचे तो वहां परिवार के ही भागीरथ पुत्र चैपू अहिरवार, चैपू पुत्र छिन्गे अहिरवार व भरत पुत्र रामचरन मिला। उनके साथ रिश्तेदार कुआघोषी निवासी मिलन पुत्र लखन अहिरवार भी साथ में था। बताया कि उक्त लोगों ने उसे रास्ते में रोककर गालियां दीं और विरोध करने पर मारपीट कर दी। बीच-बचाव करने आये उसके पुत्र के साथ भी मारपीट कर दी, और ट्रैक्टर का वोनट व छतरी क्षतिगग्रस्त करते हुये जान से मारने की धमकी देकर उक्त लोग भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### सदर चौकी पुलिस ने सटोरिया दबोचा

**ललितपुर।** सदर चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक अनुराग शर्मा ने बताया कि वह अपने हमराह हे.कां. अब्दुल वहीद के साथ सदर कांटा के पास गश्त कर रहे थे। तभी उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि पोस्ट ऑफिस के पीछे दुकान में बैठ कर ऑनलाइन सट्टा खिलवाया जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर उन्होंने मौके पर पहुंच कर घेराबंदी कर एक युवक को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में पकड़े गये युवक ने अपना नाम तालाबपुरा सुधासागर इण्टर कॉलेज के पास रहने वाला पवन उपाध्याय पुत्र लीलाधर उपाध्याय बताया। पुलिस ने पवन के पास से सफेद कागज बरामद किया, जिस पर ऑनलाइन सट्टा के नम्बर व रुपये अंकित थे। इसके अलावा पुलिस ने उसके पास से एक मोबाइल फोन व 1640 रुपये की नकदी बरामद की। पुलिस ने पवन उपाध्याय के खिलाफ जुआ अधिनियम की धारा 13 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### सब्जी लेने जा रहे युवक को रास्ते में रोककर मारपीट

**ललितपुर।** शहर के मोहल्ला तालाबपुरा में रहने वाले विनय यादव पुत्र राजू यादव ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि शुक्रवार की रात करीब 9 बजे वह घर से सब्जी लेने के लिए जा रहा था। तभी अचानक रास्ते में रिशाला मंदिर के पास सांई मंदिर के पास रहने वाला शक्ति, राज सोनी व दो अन्य लोग मिले, जिन्होंने उन्हें गालियां दीं। विरोध करने पर उक्त लोगों ने विवाद करते हुये मारपीट कर दी। आरोप है कि इस हमले में उसके सिर पर जानलेवा प्रहार करते हुये उक्त लोगों द्वारा जान से मारने की धमकी दी और वह लोग भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### सीबीआईसी के अधिकारियों की पदोन्नति और तबादला

**रायपुर।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अधिकारियों में पदोन्नति और तबादला की प्रक्रिया पूरी की गई है। इस बदलाव के तहत, मानस रंजन मोहंती को भोपाल जोन का चीफकमिश्नर नियुक्त किया गया है। वहीं, पराग चाकोर बोरकर को रायपुर कार्यालय में प्रिंसिपल कमिश्नर के पद पर नियुक्त किया गया है।

### घर घुसकर दो युवतियों से मारपीट, जुर्म दर्ज

**रायपुर।** भावना नगर खम्हारडीह में 6 लोगों ने मिलकर घर में जबरन घुसकर दो युवतियों से गाली-गलौज कर मारपीट किए। प्रार्थिया की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया रहनुमा राजिर 21 वर्ष ने अमलीडीह न्यू राजेन्द्र नगर की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी सहेली चंचल आहुजा के घर भावना नगर खम्हारडीह गई थी। जहां आरोपिया अलीसा राजपूत, अलीसा मेहताा, दिव्या व अन्य 3 ने प्रार्थिया व उसके सहेली से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### दुकान से हजारों रुपए का सामान पार

**रायपुर।** पचपेड़ी नाका स्थित हंसा मार्केटिंग किचन दुकान से अज्ञात चोर ने हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी ललीत महेश्वरी 51 वर्ष समता कालोनी सरस्वती नगर का रहने वाला है। प्रार्थी का पचपेड़ी नाका में हंसा मार्केटिंग नाम से दुकान है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के दुकान के छत में जाकर दवराजे का सिटकनी खोल कर दुकान के अंदर प्रवेश किया और 2 नग लेपटाप, 2 नग मोबाइल पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 50 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# परीक्षाफल पाकर बच्चों के खिल उठे चेहरे

## कक्षा 8 के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

### विदाई समारोह में कक्षा 8 के विद्यार्थी हुए भावुक



**ललितपुर।** जनपद के उच्च प्राथमिक विद्यालय वस्त्रावन विकास खण्ड बार में बच्चों को परीक्षाफल वितरण किया गया एवं कक्षा 8 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह का आयोजन हुआ। मेधावियों को सम्मानित किया गया। कक्षा 8 में प्रथम स्थान निधि विश्वकर्मा, द्वितीय रविता विश्वकर्मा, तृतीत स्थान मौसम ने प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार आराधना, सुहाना, नयन्सी, दर्शनी ने प्राप्त किया। कक्षा 7 में प्रथम स्थान प्रतीक्षा सेन, द्वितीय स्थान गडडू अहिरवार, तृतीय स्थान अनुशी और चतुर्थ स्थान महक ने प्राप्त किया। कक्षा में प्रथम स्थान पूनम विश्वकर्मा, द्वितीय स्थान चाहत विश्वकर्मा, तृतीय स्थान राधिका श्रीवास ने प्राप्त किया। चतुर्थ स्थान चाहत कुशवाहा ने प्राप्त किया। इस मौके पर सभी मेधावियों को पुरस्कृत किया। इसके साथ ही कक्षा 8 के सभी विद्यार्थियों को विदाई दी गई। विदाई के समय विद्यार्थी भावुक हो गए और आंखें गीली हो गईं। इं.प्र.अ. हाकिम सिंह यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन डा.सुनील जैन ने किया। इस दौरान सुमित गुप्ता, दिग्विजय सिंह यादव तथा बच्चों के अभिभावक बड़ी संख्या में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर शासन के द्वारा चलाए जा रहे स्कूल चलो अभियान को सफल बनाने की रूपरेखा पर चर्चा की गई तथा सभी बच्चों को स्कूल में नामांकन कराने की अपील अभिभावकों से की गई। शिक्षकों ने कहा कि जीवन में उन्नति के लिए शिक्षा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इन सभी छात्र-छात्राओं ने अपने मेहनत से अपना, अपने विद्यालय तथा माता-पिता का नाम रोशन किया है।

# अलग-अलग गांवों में फसल जलकर हुयी राख

**ललितपुर।** जिले में शनिवार को दो अलग-अलग स्थानों पर खेतों में आग लगने से गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। विकास खंड महरौनी के ग्राम सिंदवाहा में दोपहर के समय भैयान रायकवार, करन रायकवार और घनश्याम रायकवार के खेतों में अचानक आग लग गई। आसपास मौजूद किसानों ने झाडिय़ों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जा सका, तब तक खेत में कटी पड़ी गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो चुकी थी। इसी तरह घाना पाली क्षेत्र के ग्राम भौंरदा में भी दोपहर के समय खेतों में आग लग गई। आग की लपटें देखते ही किसानों में हड़कंप मच गया। एक किसान तुरंत ट्रैक्टर लेकर मौके पर पहुंचा और फसल में ट्रैक्टर चलाकर आग को आगे बढऩे से रोका। फिर भी कई एकड़ में लगी फसल जलकर नष्ट हो गई।



# कोतवाली पुलिस ने पकड़े तीन वारण्टी

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में, एएसपी अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली पुलिस ने मोहल्ला लक्ष्मीपुरा निवासी चिनगारी चौहान उर्फ दीपू उर्फ देवेन्द्र पुत्र काली उर्फ भगवान सिंह, लक्ष्मीपुरा निवासी वारण्टी फतेह सिंह पुत्र किशोर सिंह, नदीपुरा व हाल जमुनापुरम रघुनाथपुरा बड़ी नहर के पास निवासी सुधीर कुमार तिवारी पुत्र सत्यनारायण तिवारी को हिरासत में लिया है।



वारण्टियों को पकडऩे वाली पुलिस टीम में सदर चौकी इंचार्ज उ.नि.अनुराग शर्मा, हे.का.अब्दुल वहीद शामिल रहे।

# पैसों के लेन-देन में पुलिस ले गयी पुत्र को

### तीन दिन तक कोतवाली में बैठाने के बाद पुत्र गायब

### महिला ने एसपी को शिकायती पत्र देकर पुत्र को खोजने की उठायी मांग

**ललितपुर।** बीते माह जनवरी में सिविल लाइन निवासी शैलेन्द्र कुमार जैन पुत्र रूपचंद्र जैन ने पुलिस को तहरीर देकर थाना जाखलौन के ग्राम बरौदा बिजलौन व हाल व्ही.बाजार के पीछे रहने वाले महेन्द्र सिंह, रामजी पुत्रगण देशपत लोधी, पर एमआई लाइफ स्टाइल कम्पनी में तीन साल में रुपये दोगुने करने के नाम पर एक लाख रुपये जमा कराने का आरोप लगाया था। इस प्रकरण में कोतवाली पुलिस ने शैलेन्द्र कुमार की तहरीर पर नौ लोगों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर गयी थी। इस प्रकरण को लेकर नामजद महेन्द्र सिंह लोधी की मां हरकुंवर पत्नी देशपत सिंह ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र भेजा है। शिकायती पत्र में उन्होंने बताया कि विगत एक अप्रैल को साइबर क्राइम थाना पुलिस उसके पुत्र को पैसों के लेन-देन के मामले को लेकर पकड़ा था। बताया कि उसके पुत्र को कोतवाली में रखा गया था, जिसे वह विगत तीन दिनों से खाना देने आ रही थी। बताया कि शनिवार को जब वह अपने पुत्र को खाना देने के लिए पहुंची तो उसका पुत्र कोतवाली में नहीं मिला और न ही उसके पुत्र का पता चल रहा है। महिला ने पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच कराते हुये पुत्र का पता लगाये जाने की मांग उठायी है।

# केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के साथ मां दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना की

**रायपुर,कासं.।** केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर अपने एक दिवसीय दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के साथ बस्तर अंचल की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश एवं प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव एवं श्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, वन मंत्री श्री केदार कश्यप, विधायक श्री किरण देव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।



## केंद्रीय गृह मंत्री शाह को भाया स्थानीय व्यंजनों का स्वाद

**रायपुर,कासं.।** केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने जनप्रतिनिधियों के साथ दोपहर भोजन में बस्तर क्षेत्र के स्थानीय व्यंजनों का स्वाद लिया। उन्होंने झुडूंग दाल, कोसरा खीर सैगोड़ा की सब्जी, सुरन की सब्जी, मूंग दाल खट्टा भाजी, मल्टी मिलेट खिछरी, जवाफुल सुगन्धित चावल खट्टा भाजी चटनी, रागी रोटी एवं मूंग दाल खट्टा भाजी जैसे सात्विक भोजन का सेवन किया। श्री शाह को बस्तर के स्थानीय व्यंजनों का स्वाद खूब पसंद आया। उन्होंने कहा कि मिलेट एवं स्थानीय स्तर पर मिलने वाले उत्पाद से बने भोजन स्वादिष्ट होने के साथ ही पौष्टिक भी होते हैं। उन्होंने व्यंजनों की तारीफ करते हुए व्यापक स्तर पर इसे बढ़ावा देने की बात कही। उल्लेखनीय है कि कोसरा या कुटकी श्री अन्न का एक प्रकार है जो, दंतेवाड़ा में उगाया जाता है। इसमें फाइबर और आयरन जैसे खनिज प्रचूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो इसे पोषक और स्वास्थ्यवर्धक बनाता है। जिले के आदिवासी समुदाय इसे सदियों से जैविक तरीकों से उगाकर अपने भोजन में उपयोग करते आए है। झुडुंग दाल, जिसे (लाल लोबिया) भी कहा जाता है, दंतेवाड़ा में विशेष रूप से उगाई जाती है। प्रोटीन, आयरन और फाइबर से भरपूर यह दाल स्थानीय आहार में सम्मिलित है।

# नागपुर रूट की 50 ट्रेनें रद्द, 6 का मार्ग परिर्वतित और 28 ट्रेनें बीच रास्ते में समाप्त होंगी

**रायपुर,कासं.।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने नागपुर मंडल में तीसरी लाइन को जोड़ने के काम के कारण 50 ट्रेनों को रद्द किया गया है, वहीं 6 ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया गया है और 28 ट्रेनें बीच रास्ते में ही समाप्त कर दी जाएंगी।

रेलवे प्रशासन की ओर से मिली जानकारी के अनुसार यह निर्णय राजनांदगांव से कलमना सेक्शन के बीच तीसरी रेल लाइन को गोंदिया से जोड़ने के चलते लिया गया है। यह कार्य 23 अप्रैल से 6 मई 2025 तक चलेगा। इस दौरान विद्युतीकरण और कनेक्टिविटी का काम भी किया जाएगा ताकि भविष्य में ट्रेनों का संचालन ज्यादा तेज और सुगम हो सके।

**रद्द होने वाली गाड़ियां**

दिनांक 25 अप्रैल से 06 मई, 2025 तक गोंदिया से छूटने वाली 78803 गोंदिया- कटंगी मेमू स्पेशल रद्द रहेगी । दिनांक 25 अप्रैल से 06 मई 2025 तक कटंगी से छूटने वाली 78804 कटंगी ङ्क गोंदिया मेमू स्पेशल रद्द रहेगी ।

दिनांक 04 मई, 2025 को रायपुर से छूटने वाली 58205 रायपुर- नैनपुर पैसेंजर रद्द रहेगी ।

दिनांक 05 मई, 2025 को नैनपुर से छूटने वाली 58206 नैनपुर-रायपुर पैसेंजर रद्द रहेगी ।

दिनांक 05 मई, 2025 को गोंदिया से छूटने वाली 68743 गोंदिया-नैनपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी ।

दिनांक 05 मई, 2025 को नैनपुर से छूटने वाली 68744 नैनपुर-गोंदिया मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी ।

दिनांक 02 मई से 06 मई 2025 तक गोंदिया से छूटने वाली 68861 गोंदिया-झारसुगड़ा मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी ।

दिनांक 03 मई से 07 मई 2025 तक झारसुगड़ा से छूटने वाली 68862 झारसुगड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी ।

दिनांक 23,26,28,30 अप्रैल एवं 03,05 मई 2025 तक रीवा से छूटने वाली 11754 रीवा-नैनपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

दिनांक 24,27,29 अप्रैल एवं 01,04,06 मई 2025 तक नैनपुर से छूटने वाली 11753 नैनपुर-रीवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

दिनांक 04 मई 2025 को ओखा से छूटने वाली 22905 ओखा ङ्कहावड़ा एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

दिनांक 06 मई 2025 को हावड़ा से छूटने वाली 22906 हावड़ा-ओखा एक्स्प्रेस रद्द रहेगी ।

दिनांक 04 मई 2025 को लोकमान्य तिलक टर्मिनल से छूटने वाली 12145 लोकमान्य तिलक-पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

दिनांक 06 मई 2025 को पूरी से छूटने वाली 12146 पूरी ङ्क लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

दिनांक 02 मई 2025 को पूरी से छूटने वाली 12843 पूरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

दिनांक 04 मई 2025 को अहमदाबाद से छूटने वाली 12844 अहमदाबाद- पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

दिनांक 02 एवं 04 मई 2025 को हावड़ा से छूटने वाली 12810 हावड़ा- छत्रपति शिवाजी टर्मिनल मेल एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

दिनांक 04 एवं 06 मई 2025 को छत्रपति शिवाजी टर्मिनल से छूटने वाली 12809 छत्रपति शिवाजी टर्मिनल-हावड़ा मेल एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

दिनांक 02 से 06 मई 2025 बरौनी से छूटने वाली 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

दिनांक 03 से 07 मई 2025 तक गोंदिया से छूटने वाली 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

दिनांक 03 मई 2025 को हजऱत निज़ामुद्दीन से छूटने वाली 12410 हजऱत निज़ामुद्दीन-रायगढ़ गोडवाना एक्सप्रेस रद्द रहेगी

# 'मिशन लाइफ' को गंभीरता से लें, विस्तृत कार्ययोजना बनाकर करें काम : श्री कुशवाह

## सांसद श्री कुशवाह ने जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में दिए निर्देश, चंबल प्रोजेक्ट सहित अन्य विकास कार्यों एवं सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं की भी हुई समीक्षा

**ग्वालियर।** ÷मिशन लाइफ÷ को संबंधित विभागों के अधिकारी गंभीरता से लें। यह अभियान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसलिए इसमें कोई ढ़िलाई न हो। सभी विभाग मिशन लाइफ की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करें और उसे क्रियान्वित करने के लिये कैलेण्डर भी निर्धारित करें। यह बात सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह ने जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में कही। उन्होंने ग्वालियर की दीर्घकालिक पेयजल व्यवस्था के लिये मूर्तरूप लेने जा रही चंबल प्रोजेक्ट में पाइप लाईन बिछाने का काम शीघ्र शुरू करने के निर्देश भी बैठक में दिए। बैठक में महत्वपूर्ण चंबल प्रोजेक्ट, रेलवे स्टेशन का जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण, एलीवेटेड रोड, निर्माणाधीन सड़कें व विकास कार्यों सहित केन्द्र व राज्य सरकार की प्राथमिकता वाली हितग्राहीमूलक योजनाओं की समीक्षा भी की गई। शनिवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा शुरू किया गया ÷मिशन लाइफ÷ अभियान जलवायु परिवर्तन के गंभीर दुष्परिणामों से न केवल पर्यावरण और लोगों की जिंदगी बचाने पर केन्द्रित है, बल्कि इसका सीधा संबंध आर्थिक प्रगति से भी है। इसलिये सभी संबंधित विभाग विस्तृत कार्ययोजना बनाकर मिशन की गतिविधियों को धरातल पर लाएं। उन्होंने कहा इस मिशन में ऊर्जा व जल का संरक्षण, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करना, ई-वेस्ट व अन्य कचरे में कमी लाना, टिकाऊ खाद्य व्यवस्था एवं स्वस्थ जीवन शैली शामिल है। सांसद श्री कुशवाह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि मिशन के तहत प्रोजेक्ट तैयार करें। इन्हें मंजूरी दिलाकर केन्द्र व राज्य सरकार से धनराशि दिलाई जायेगी। बैठक में जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश जाटव, विधायक श्री मोहन सिंह राठौर व भाजपा जिला अध्यक्ष ग्रामीण श्री प्रेम सिंह राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार व वन मंडलाधिकारी श्री अंकित पाण्डेय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। सांसद श्री कुशवाह ने नेशनल हाईवे के अधिकारियों को निर्देश दिए कि चंबल प्रोजेक्ट के तहत नेशनल हाईवे को निर्धारित धनराशि उपलब्ध कराई जा चुकी है। इसलिए जल्द से जल्द एनओसी जारी करें, जिससे पाइप लाइन बिछाने का कार्य शुरू किया जा सके। बैठक में जानकारी दी गई कि पर्याप्त संख्या में पाइप का निर्माण कार्य एजेंसी द्वारा कराया जा चुका है। बैठक में विधायक श्री मोहन सिंह राठौर ने भी जिले के ग्रामीण अंचल के विकास एवं योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के संबंध में उपयोगी सुझाव दिए।

### संयुक्त निरीक्षण कर वन विभाग से एनओसी लेने की प्रक्रिया पूरी करें

दिशा की बैठक में सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह ने जोर देकर कहा कि वन विभाग की एनओसी न मिलने की वजह से विकास कार्य प्रभावित न हों। इसके लिये सभी संबंधित विभाग एवं वन विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से मौके का निरीक्षण करें और एनओसी की प्रक्रिया पूर्ण कराएं। उन्होंने बैठक में मौजूद वन मण्डलाधिकारी से कहा कि प्रक्रिया पूर्ण होते ही जिस स्तर से भी एनओसी जारी होना हो, तत्परता से जारी कराई जाए। श्री कुशवाह ने कहा सोन चिरैया अभ्यारण्य से डीनोटिफाइड हुए क्षेत्र में स्थित गाँवों में वन विभाग की एनओसी की वजह से मूलभूत सुविधाओं से संबंधित कार्य रूकने नहीं चाहिए। वन विभाग के अधिकारी इन गाँवों से संबंधित विकास कार्यों के लिये तत्परता से एनओसी जारी कराएं।




### डीपीआर के अनुसार हों रेलवे स्टेशन के काम, श्रमिकों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता न हो

सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह ने रेलवे स्टेशन जीर्णोद्धार कार्य की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि इस प्रोजेक्ट के सभी काम डीपीआर के अनुसार कराए जाएं। उन्होंने प्लेटफॉर्म पर बनाए गए पुल की सीढ़ियों की चौड़ाई कम होने की ओर ध्यान आकर्षित किया। साथ ही निर्देश दिए कि रेलवे स्टेशन पर चल रहे कार्यों में श्रमिकों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता न हो। दुर्घटना की पुनरावृत्ति कदापि न होने पाए। श्री कुशवाह ने कहा कि जल्द ही रेलवे के डीआरएम के साथ बैठक कर रेलवे स्टेशन के कार्यों की समीक्षा की जायेगी। बैठक में बताया गया कि रेलवे स्टेशन पर भौतिक रूप से 54 प्रतिशत व वित्तीय रूप से 49 प्रतिशत काम हो चुका है।

### एलीवेटेड रोड के पहले चरण के कार्यों को पहले पूरा कराएं

सांसद श्री कुशवाह ने एलीवेटेड रोड के प्रथम चरण के कार्यों को प्राथमिकता के साथ पहले पूर्ण कराने के लिये कहा, जिससे प्रथम चरण का उपयोग हो सके। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रथम चरण में 232 स्लैब डाले जाने हैं, इनमें से 100 स्लैब डाले जा चुके हैं।

### नहर टूटने की जाँच कराकर ठेकेदार के खिलाफ कराएँ एफआईआर

वीरपुर बांध भरने के लिये ककैटो-पहसारी बाँध से बनाई गई नहर के एक स्थान पर टूट जाने की बात सामने आने पर सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह ने नाराजगी जताई। उन्होंने समिति गठित कर इसकी जाँच कराने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि नहर को दुरुस्त कराकर संबंधित ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराएँ। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वीरपुर तालाब के भराव क्षेत्र में अतिक्रमण न होने पाए, इसका खास ध्यान रखा जाए।

### पर्यटन स्थलों के विकास के लिये प्रोजेक्ट बनाकर भेजें

ग्वालियर जिले में पर्यटन के इलाज से विकसित किए जा रहे स्थलों की समीक्षा भी बैठक में की गई। सांसद श्री कुशवाह ने अटल स्मारक का कार्य शीघ्र पूर्ण करने पर बल दिया। सांसद श्री कुशवाह एवं विधायक श्री राठौर ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों को धूमेश्वर, नलकेश्वर, लखेश्वरी माता, रानीघाटी, भुण्डेश्वर सहित जिले के अन्य पर्यटन स्थलों के विकास के लिये प्रोजेक्ट बनाएं। सांसद श्री कुशवाह ने कहा कि शासन स्तर से इन प्रोजेक्ट को मंजूरी दिलाई जायेगी।

### ग्रीन ग्वालियर के लिए वृहद वृक्षारोपण की तैयारी करें

सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि ग्रीन ग्वालियर का लक्ष्य लेकर जिले में बरसात से पहले वृहद स्तर पर वृक्षारोपण की तैयारी करें। वृक्षारोपण में उनकी ओर से हर संभव सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस साल जिले में कम से कम पाँच लाख पौधे रोपने की तैयारी की जाए।

### जिले को टीबी मुक्त बनाने में जनप्रतिनिधियों का मिलेगा हर संभव सहयोग

सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि जिले को टीबी (क्षय रोग) मुक्त बनाने में जनप्रतिनिधियों की ओर से सहयोग मिलेगा। इसके लिये सांसद व विधायक निधि से धनराशि मुहैया कराई जायेगी। उन्होंने कहा वे स्वयं भी निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों की मदद के लिये तैयार हैं।

### इन योजनाओं व प्रोजेक्टों की भी हुई समीक्षा

दिशा की बैठक में पीएम स्वनिधि, स्वामित्स योजना, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत, खेलो इंडिया, मातृत्व वंदना, पीएम कृषि सिंचाई योजना, मुद्रा, अटल पेंशन, सुकन्या समृद्धि, स्वामित्व योजना, पीएम कौशल विकास, राष्ट्रीय कृषि विकास, जननी सुरक्षा सहित केन्द्र व राज्य सरकार की अन्य योजनाओं की समीक्षा भी की गई। सांसद श्री कुशवाह ने कृषि व उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को जिले में वृहद स्तर पर किसान मेले लगाकर कृषकों को स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति के लिये जागरूक करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि इन मेलों में सरकार की योजनाओं के तहत अनुदान पर किसानों को स्प्रिंकलर भी मुहैया कराए जाएं। उन्होंने विभिन्न विभागों की योजनाओं के तहत लाभान्वित कराए गए हितग्राहियों की सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने के निर्देश भी बैठक में दिए।

# उपनगर वालियर के चहुँमुखी विकास में कोई कसर नहीं रहेगी - ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

## उपनगर ग्वालियर में तीन करोड़ 70 लाख से अधिक के विकास कार्यों का किया भूमि पूजन



**ग्वालियर,कांस।** उपनगर ग्वालियर के चहुँमुखी विकास में कोई कोर कसर नहीं रहने दी जायेगी। उपनगर ग्वालियर में मूर्तरूप ले रहे विकास कार्यों से क्षेत्रवासियों को सुगम आवागमन और बेहतर बुनियादी सुविधाएं मिल रही हैं। प्रगति की यात्रा इसी प्रकार निरंतर जारी रहेगी । यह बात ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने उपनगर ग्वालियर में लगभग तीन करोड़ 70 लाख रुपए से अधिक के विकास कार्यों के भूमि पूजन के अवसर पर कही। इस अवसर पर पूर्व सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजोरिया व पूर्व जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, पार्षद श्री विवेक सोनू त्रिपाठी, पार्षद श्रीमती मंजू दिग्विजय राजपूत, श्रीमती रेखा चंदन राय, श्री अरुण बाजपेई, श्री चिंटू परमार, श्री हरी बाबू शिवहरे, श्री हेमंत नायक सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि आमजन को मूलभूत सुविधाओं का लाभ आसानी से मिले इसी दिशा में कार्य किया जा रहा है। उपनगर ग्वालियर में स्वास्थ्य और शिक्षा में बेहतर कार्य किया गया है। सिविल हॉस्पिटल हजीरा एक प्राइवेट हॉस्पिटल की तरह सुविधा दे रहा है। शिक्षा नगर में स्मार्ट स्कूल बनकर तैयार है, जहां बच्चों को किसी प्राइवेट विद्यालय से अच्छी सुविधाओं के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। शीघ्र ही इसका लोकार्पण किया जाएगा। पूर्व सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की मंशानुरूप जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति को भी दिलाने का कार्य किया जा रहा है। ग्वालियर में विकास कार्य बहुत ही तेजी से किये जा रहे हैं। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने वार्ड 32, 3 व 4 में 3 करोड़ 70 लाख रुपए से अधिक के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। जिसमें वार्ड 32 में न्यू कुशालनगर की विभिन्न गलियों में सीसी रोड, श्रुति एंक्लेव में डामरीकरण निर्माण, न्यू चंदन नगर की विभिन्न गलियों में सीसी रोड निर्माणकार्य, विभिन्न स्थानों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग कार्य, इंदिरा एनक्लेव पार्क में दो कक्ष, बाउंड्री वॉल एवं पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य, डी ब्लॉक में सीसी रोड निर्माण कार्य, खेड़ापति कॉलोनी में पेवर ब्लॉक कर, विकास नगर श्रुति एनक्लेव गांधीनगर न्यू प्रेम नगर, न्यू खेड़ापति कॉलोनी में पार्क डेवलपमेंट कार्य, गणेश मंदिर शिंदे की छावनी प्रणाली निर्माण कार्य, न्यू खेड़ापति कॉलोनी में डामरीकरण कार्य, विकास नगर डामरीकरण, शिंदे की छावनी पठार वाली चौक पर सीसी सड़क निर्माण कार्य एवं रवि नगर पार्क। इसके साथ ही वार्ड 3 में डीआरपी लाइन पेट्रोल पंप के बगल से स्कूल तक सीसी निर्माण कार्य एवं वार्ड 4 सदाशिव नगर की विभिन्न गलियों में सड़क एवं सीसी निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया।

# नीडम आरओबी जल्द ही जनता को समर्पित किया जाएगा

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आरओबी के शेष काम जल्द से जल्द पूर्ण कराने के दिए निर्देश, प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने भी वीसी के जरिए की वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा, मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देशों के पालन में कलेक्टर श्रीमती चौहान ने किया आरओबी का निरीक्षण, शेष कार्य युद्ध स्तर पर पूर्ण करने के दिए निर्देश



**ग्वालियर।** ग्वालियर में नव निर्मित विवेकानंद नीडम आरओबी (रेलवे ओवर ब्रिज) जल्द ही जनता को समर्पित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बीते रोज ग्वालियर की ट्रांजिट विजिट के दौरान विमानतल पर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान को नीडम आरओबी का निरीक्षण कर शेष काम शीघ्र से शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा कि शेष कार्य पूर्ण होते ही आरओबी का लोकार्पण कर इसे जनता के लिये खोल दिया जायेगा। जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने भी नीडम आरओबी के शेष कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराने को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संभागीय आयुक्त श्री मनोज खत्री, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान व नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय सहित अन्य संबंधित अधिकारियों से चर्चा की। व्हीसी के माध्यम से उन्होंने कहा नव निर्मित आरओबी की कमियों को तत्परता से पूर्ण कराया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने शनिवार को नीडम आरओबी का निरीक्षण किया। उन्होंने आरओबी पर रोशनी के लिये किए जा रहे विद्युतीकरण, शेष रोड फर्निशिंग, आरओबी के दोनों ओर की कॉलोनियों को सड़क सुरक्षा मानकों के अनुसार जोड़ने की कार्रवाई युद्ध स्तर पर पूर्ण करने के निर्देश मौके पर मौजूद सेतु निगम के कार्यपालन यंत्री को दिए। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने कहा कि कॉलोनियों को पुल से जोड़ने का काम इस तरह से किया जाए, जिससे आवागमन के दौरान दुर्घटना की स्थिति न बने। आरओबी पर प्रोपर ढंग से रेडियम लगाने और डिवाइडर सहित जरूरत के मुताबिक स्पीड ब्रेकर बनाने की हिदायत भी उन्होंने निरीक्षण के दौरान दी।

# कथा मन से सुनी जाए, कथा स्थल पर शरीर से नहीं बल्कि आत्मा से विराजमान हो तभी कथा अंगीकार होगी : विधानसभा अध्यक्ष

## विधानसभा अध्यक्ष और ऊर्जा मंत्री ने किया कथा का श्रवण



**मुरैना,कांस।** मेरा यह सौभाग्य है कि लेखराज जी ने यह अनुष्ठान किया और इस अनुष्ठान में मुझे भी आमंत्रित किया और उनके इस आयोजन के परिणाम स्वरूप में आज व्यास जी के दर्शन भी कर पाया और आप सबके दर्शन करने का सौभाग्य भी मुझे मिला। यह बात विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने सैलटेक्स पर चल रही श्रीमद् भागवात कथा का श्रवण करते समय कही। इस अवसर पर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी, सभापति श्री दंडोतिया, समाजसेवी श्री कमलेश कुशवाह, डॉ. योगेशपाल गुप्ता सहित बड़ी संख्या में महिला, पुरुष उपस्थित थे।

विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि मैं बहुत आभार प्रकट करता हूं कि श्रीमद् भागवत कथा का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है।

कथा शिक्षाप्रद और कथा से मनुष्य अपना सुधार कर सकता है। उन्होंने कहा की देवकीनंदन महाराज सनातन धर्म के प्रचार प्रसार के लिए आम आदमी के कल्याण के लिए धर्म की स्थापना के लिए और मानव जीवन को सार्थक बनाने के लिए देशभर में भ्रमण करते रहते हैं और अपने मुखारविंद से प्रभु का स्मरण करते भी हैं और आप सभी को कराने का कार्य भी करते हैं। इस आयोजन के श्रोधार लेखराज को भी यह सौभाग्य प्राप्त हुआ कि जब उनके मन में प्रभु ने आदेश दिया कि अनुष्ठान को संपन्न करो, तो अनुष्ठान कोई भी आता तब भी संपन्न होता। लेकिन प्रभु की कृपा से इस अनुष्ठान को पूर्ण करने के लिए परम पूज्य देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज आए, यह सब परिवार के साथ हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। कथा मन से सुनी जाए कथा स्थल पर शरीर से न बैठे, आत्मा से विराजमान हो, तो कथा अंगीकार होती है और श्रवण भी होती है।

हम सब सांसारिक प्राणी है तो संसार की जो विकृतियों है, वह हम सबको घेरे रहती हैं। हम सब जानते हैं कि पहले विवाह की चिंता इसी चक्रव्यूह में मनुष्य फंसा रहता है, जिसके कारण मन में विकृति भी जन्म लेती हैं। ईर्ष्या भी जन्म लेती है, लोग भी जन्म लेता है और इसकी जो धुंध है, आत्मा के ऊपर चढ़ जाती है। इसलिए मनुष्य अंधकार मय बना रहता है। ऐसी कथाओं का रसपान करते रहना चाहिए। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि कथा का जो रसपान करके जा रहे हैं, वह अपने लिए और अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए जरुर सुनकर जाएं, जिससे आने वाली पीढ़ी का भी जीवन सफल हो जाए।

# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत विचार गोष्ठी का आयोजन




**अंबाह।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की सहयोगी नवांकुर लीड संस्था सक्षम फाउंडेशन द्वारा सेक्टर न दो नयापुरा की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रिठौना, मलबसई,भडोली,विचोला, बडफरा,अरोली,खिरेंटा,ककरा री,गूंज,जौहा,डडोली नगर पालिका क्षेत्र अंबाह में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत प्राकृतिक जल स्त्रोतों का जीर्णोद्धार जिसमें नदी,नहर,नाले,बंबा,तालाब कुआं को पुनर्जीवित करने के लिए मध्य प्रदेश सरकार द्वारा 30 मार्च से 30 जून 2025 तक चलाए जाने वाले अभियान में संस्था सक्षम फाउंडेशन मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद अंबाह की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति को साथ लेकर कैसे अधिक से अधिक सहयोग कर सकती है इस पर विमर्श किया गया साथ ही संस्था द्वारा जल के महत्व को लेकर एक महत्वपूर्ण चर्चा सत्र रखा गया, जिसमे सभी प्रतिनिधियों से उनके विचार रखने का अनुरोध किया गया जिसमें जो महत्वपूर्ण बात निकलकर आई वो इस प्रकार हैं जैसे वर्तमान में पीने योग्य पानी की उपलब्धता 2.98 प्रतिशत जिसको बचाए रखने के लिए हमें कार्य करना होगा हमारे प्राकृतिक स्रोत खत्म होते जा रहे है वर्षा का जल बह कर सीधा समुद्र में निकल जाता हैं इस जल को अधिक से अधिक धरती के अंदर कैसे पहुंचाया जाए इसके लिए हमें उपाय करने होने जैसे रूप हार्वेस्टिंग, किचन गार्डन, छोटे छोटे डेम आदि के माध्यम से हम धरती को पानी से रिचार्ज कर सकते है क्यों कि वर्तमान में देखा जा रहा कि भूमिगत जल का स्तर दिन प्रति दिन कम होता जा रहा है जो हमारे तथा हमारे आने वाले कल के लिए एक चिंता का विषय है जिसके लिए अभी से गंभीर चिंतन के साथ साथ कार्य करने की विशेष आवश्यकता हैं इसके लिए हमें गांव गांव जाकर लोगों को जल के महत्व एवं उसकी उपलब्धता तथा जरूरत के हिसाब से उपयोग करने का अनुरोध करना होगा तब जाकर हम प्राकृतिक जल स्त्रोतों को फिर से जीवित किया जाए जिससे वो सदा नीरा की स्थिति में आ सके और हमें पानी के लिए भटकना न पड़े इसलिए हम चौपाल, नुक्कड़ बैठक, परिचर्चा के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को अभियान में भागीदार करने के लिए प्रेरित करेंगे तब जाकर जल गंगा संवर्धन अभियान अपनी सार्थकता सिद्ध कर सकेगा।

# दंगल में पहुंचें कृषि मंत्री के पुत्र, बढ़ाया पहलवानों का हौंसला

## पुरुस्कार के लिए आयोजन समिति को दिए 51 हजार



**मुरैना,कांस।** शिवपुरी जिले के बमारी गांव में शनिवार को बलारी माता के मंदिर पर विशाल दंगल का आयोजन किया गया। इस दंगल का आयोजन मोहर सिंह पहलवान के मार्गदर्शन में हुआ।

दंगल में मप्र के कृषि मंत्री ऐंदल सिंह कंषाना के सुपुत्र राहुल सिंह कंषाना शामिल हुए। उन्होंने पहलवानों से परिचय प्राप्त कर उनकी हौंसला अफजाई की। इस मौके पर राहुल कंषाना ने आयोजन समिति को आखिरी कुश्ती के लिए 51 हजार रूपये की राशि भी भेंट की। दंगल में शिवपुरी, ग्वालियर सहित प्रदेश के कई शहरों एवं पड़ौसी प्रांतों से एक सैकड़ा से अधिक पहलवान जोर आजमाईश के लिए पहुंचें थे। दंगल में छोटी-बड़ी ईनाम राशि के तकरीबन डेढ़ सैकड़ा मुकाबले हुए। दंगल के दौरान पहलवानों ने अपने दांव-पेंच दिखाए और जमकर एक दूसरे को पटखनी दी। दंगल में विजयी पहलवानों को पुरस्कृत किया गया। दंगल देखने के लिए दूर-दराज के कई गांवों से भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए। दंगल में कृषि मंत्री श्री कंषाना के सुपुत्र राहुल कंषाना के साथ राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, बच्चू सिंह कंषाना खासखेड़ा, भोलू गुर्जर, बबलू सरपंच नहरावली, एपी बारा, सोनू गुर्जर गड़ौरा, जीतू तोरखेड़ा, महेश पहलवान, इसरार पहलवान आदि मौजूद थे।

# मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष पवन सिंह परिहार का भव्य स्वागत हुआ



**मुरैना,कांस।** नगर पंचायत झुंडपुरा मे 4 अप्रैल 2025 को श्रीनिवास शर्मा के सेवानिवृत होने पर एक भव्य विदाई सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष पवन सिंह परिहार ने की एवं कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि पूर्व वीईओ अक्षय शरण मिश्रा, मुख्य अतिथि प्राचार्य रोहिताश बैरागी थे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष पवन सिंह परिहार ने कहा कि शिक्षक हमेशा कर्तव्यनिष्ट एवं पूर्ण मनोयोग से कार्य करता है कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य रोहतास बैरागी ने कहा कि शिक्षक हमेशा संघर्षशील एवं कर्तव्य निष्ट होता है प्रथम नगर आगमन पर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष पवन सिंह परिहार का हुआ जोरदार स्वागत, स्वागत में सभी ने श्री परिहार को माला पहनाकर श्रीफल ,सॉल भेंटकर की गई। कार्यक्रम में इस अवसर पर प्रांतीय उपाध्यक्ष रामवरन सिंह सिकरवार, जिला सचिव राम अवतार सिंह सिकरवार, प्राचार्य लोकेन्द्र सिंह, BRC मानिक चंद धाकड़, तहसील अध्यक्ष दिग्विजय सिंह जादौन, विखण्ड अध्यक्ष संदीप धाकड़, बिखण्ड सचिव वीरेन्द्र रावत, कल्याण बाथम, जनशिक्षक प्रताप रावत, राजू रावत, राजकुमार रावत, प्रधानाध्यापक वीर प्रकाश शुक्ला, संतोष शर्मा प्रधान अध्यापक, प्रधानाध्यापक माता दीन रावत, रमेश जाटव, बृजेश मरैया, श्रीराम केवट, विनोद जगा, अमर व्यास, रामदीन वर्मा,सहित सैकड़ो शिक्षक एवं शिक्षिका विशेष रूप से उपस्थित रहे ।

जगनिवास प्रभु प्रकटे
अखिल लोक बिश्राम....

जन-जन की प्राण शक्ति
धर्म और न्याय के रक्षक मर्यादा पुरुषोत्तम
भगवान श्रीराम के अवतरण दिवस

# श्रीराम नवमी

के पावन पर्व की

## हार्दिक शुभकामनाएं





डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

### मैहर

मां शारदा पूजन
विकास कार्यों का
**भूमिपूजन एवं शिलान्यास**
अपराह्न 1:00 बजे

### चित्रकूट

गौरव दिवस कार्यक्रम
**गंगा आरती एवं दीपोत्सव**
सायं 5:30 बजे

गरिमामयी उपस्थिति
**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव**
6 अप्रैल 2025



सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक अभ्युदय के पथ पर बढ़ता
धार्मिक पर्यटन को समृद्ध करता **मध्यप्रदेश**

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी D-11001/25 सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025